हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 25 मई 2026

तापमान
अधिकतम 44.5 डिग्री
न्यूनतम 26.8 डिग्री

12 हाई रिस्क प्रेग्नेंसी में पति निभाएंगे जिम्मेदारी ...



13 प्रतिबंध के बावजूद खुले आम बिक रहा सिंगल ...








## खबर संक्षेप

### सामान पार करने वाले गिरफ्तार, कबाड़ी है फरार

**भिलाई।** मकान निर्माण सामाग्री को चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम कुरूद स्थित बाड़ी से लोहे का सरिया, पाईप, एंगल, अन्य सामग्री चोरी करने वाल बिजली नगर छावनी निवासी गुलाब सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 30 हजार रुपये का लोहा कबाड़ी के गोदाम से बरामद किया है। घटना की शिकायत कुरुद निवासी बलराम साहू ने पुलिस से किया था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि चोरी के सामान को सुरेश सिंह उर्फ सुरेश पाण्डेय कबाड़ी के गोदाम गुरुदीप इंटरप्राईजेस, इंडस्ट्रियल एरिया भिलाई में बेचना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर कबाड़ी गोदाम से चोरी का सामान जब्त किया गया। गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। आरोपी कबाड़ी सुरेश सिंह उर्फ सुरेश पाण्डेय में फरार है। जिसकी तलाश जारी है।

### सेक्टर-9 हास्पिटल व एस्टेट आफिस में लगी मशीन में अटेंडेंस लगाकर जा रहे घर

# राजनीतिक दलों से जुड़े बीएसपी कर्मी उठा रहे वेतन, प्लांट के अंदर गए बिना ही लगा रहे थम्ब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में कर्मचारियों और अधिकारियों की अटेंडेंस पिछले दो साल से बायोमेट्रिक मशीन से हो रही है। वर्क्स (प्लांट) और नान वर्क्स ( प्लांट के बाहर) उपस्थिति दर्ज करने के लिए सभी विभागों का बायोमेट्रिक सिस्टम लगा हुआ है।

पिछले कई महीनों से प्लांट के अंदर ड्यूटी करने वाले राजनीतिक दलों के कुछ नेता चालाकी से प्लांट के बाहर थम्ब लगाकर गोल मार दे रहे हैं। बीएसपी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक ऐसे बीएसपी कर्मचारी राजनीतिक दल से जुड़े होने का लाभ उठाकर बिना प्लांट में ड्यूटी किए भारीभरकम वेतन और सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। गोल मारने वाले कई कर्मचारी सेक्टर-9 हास्पिटल और नगर सेवाएं कार्यालय के भवन में लगे बायोमेट्रिक मशीन में अपनी अटेंडेंस लगाकर घर चले जाते हैं। सूत्र बताते हैं कि बंक मारने वाले इन नेताओं ने सेक्टर 9 अस्पताल व नगर सेवाएं कार्यालय आदि में बायोमेट्रिक मशीन में अपनी अटेंडेंस लगाने के लिए टैपर करने के लिए हैकर या टेक्निशियन से सेटिंग कर रखी है। इस तरह की टेक्निकल सेटिंग दो साल पूर्व बायोमेट्रिक सिस्टम लगने के रजिस्ट्रेशन के दौरान भी बताई जा रही है। गोल मारने वाले कुछ नेता ऐसे भी जिन्हें सत्तारुढ़ पार्टी के कुछ बड़े नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। बाहर आकर यह कर्मचारी घर में आराम करने के साथ पार्टी की बैठकें, रैली व धरना प्रदर्शन जैसे कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। इस तरह के फर्जावाड़े से बीएसपी को कई तरह से नुकसान हो रहा है। इस मामले में प्रबंधन उदासीन बना हुआ है।

*निजीकरण और मेन पावर के संकट के दौर से गुजर रहे बीएसपी को अब पालिटिसियंश क्राइसेस का भी सामना करना पड़ रहा है। राजनीतिक दलों से जुड़े कई नेता और कार्यकर्ता भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी मशीनी अटेंडेंस के सख्त अनुशासन के बाद भी आए दिन प्लांट में बंक मार रहे हैं। इसके चलते बीएसपी को दोतरफा नुकसान हो रहा है। इस मामले को लेकर प्रबंधन उदासीन बना हुआ है।*

## मेन पावर व आउटसोर्सिंग के संकट के दौर में बंकरों से हो रहा दोतरफा नुकसान

### दोतरफा नुकसान

बीएसपी में बायोमेट्रिक सिस्टम 1 जुलाई 2024 से लागू है। इसके पूर्व कर्मचारी अपने विभागों में अटेंडेंस रजिस्टर पर उपस्थिति दर्ज करते थे, लेकिन बायोमेट्रिक मशीन लगने के बाद कामचोर और राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं व कार्यकर्ताओं को गोल मारना आसान हो गया है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक पहले मैनुअल अटेंडेंस के दौर में जब किसी कर्मचारी या अधिकारी को ड्यूटी के दौरान बाहर जाना होता था या लेट आना होता था तो वह अपने इमिजिएट बॉस या सहकर्मी को बताता था। इससे कौन आया और कौन नहीं आया इसकी जानकारी होती थी, लेकिन अब बायोमेट्रिक लगने के बाद पता ही नहीं चलता कि कौन कर्मी ड्यूटी पर नहीं आया। ऐसे कर्मचारियों द्वारा ड्यूटी न करने से बीएसपी को लाखों का नुकसान हो रहा है।




### मेन पावर के दौर में बंक से बढ़ी समस्या

बीएसपी के अंदर बायोमेट्रिक मशीन पर लगी उपस्थिति का परीक्षण करने के लिए आरएसआईडी उपकरण नहीं लगा है। जबकि बोकारो व राउरकेला आदि प्लांट में यह इक्यूपमेंट लगा है। राजनीतिक दलों के नेता अपने राजनीतिक संबंधों या अपने आकाओं से जुड़े होने के चलते ही बिना ड्यूटी किए वेतन उठा रहे हैं। गोल मारने वाले कई कार्यकर्ता बाहर भी कई दिनों तक कार्यक्रमों या सैरसपाटे पर जा रहे हैं। बताते हैं कि यदि कोई यूनियन नेता यूनियन कार्यक्रम से गोल मारता है तो उसकी तत्काल शिकायत होती है और प्रबंधन जवाबतलब भी करता है लेकिन राजनीतिक के मामले में चुप्पी सवाल उठाती है।

### सुविधा के दुरुपयोग की होगी जांच

बीएसपी के आफिशियल काम से जिन कर्मचारियों को बार बार संयंत्र के बाहर जाना पड़ता है,उन्हें संबंधित विभाग प्रमुख द्वारा पूर्व में यह व्यवस्था दी गई थी कि वे बाहर सेक्टर नौ अस्पताल आदि कुछ विभागों में लगी बायोमेट्रिक मशीन में अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकते हैं। लेकिन बीच में कुछ कर्मियों द्वारा इस सुविधा का दुरुपोयग किए जाने की जानकारी मिलने पर ड्यूटी नहीं करने के मामलों पर अंकुश लगा है। ऐसे मामलों को डीआईसी ने गंभीरता से लेते हुए जांच कराने के निर्देश दिए थे। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-जनसंपर्क विभाग,बीएसपी

# तीन माह बाद भी साईं मंदिर में चोरी का मामला अनसुलझा

- दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र की है घटना
- आरोपी पुलिस पकड़ से है बाहर
- चांदी के कई मंहगे सामान है गायब



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

तीन माह पहले हुए मंदिर चोरी मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं। घटना सेक्टर-6 स्थित श्री शिर्डी साईं बाबा मंदिर की है। घटना 26 फरवरी 2026 की रात की है।

मंदिर परिसर में सीसी कैमरा भी लगा हुआ है। वारदात को सुलझाने के लिए टीम भी बनाई गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस सफलता हाथ नहीं पाई है। जांच में पुलिस की टीम बिहार के वैशाली तक भी पहुंची थी। पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं। पुलिस के मुताबिक मामले में किसी बाहरी गिरोह का हाथ होने का संदेह है। एमपी, हरियाणा समेत अन्य राज्यों के गैंग पुलिस के रडार पर हैं, लेकिन इतनी बड़ी चोरी मामले में पुलिस को सुराग तक नहीं मिल पाया है। मामले में परमेश्वर सेन ने शिकायत कराया था। जिसमें पुलिस को बताया गया है कि 25 फरवरी की रात वह मंदिर परिसर में ड्यूटी पर तैनात थे। मंदिर के पुजारी रात करीब 9:15 बजे मंदिर बंद कर अपने घर चले गए थे। रात करीब 2.15 से 3 बजे के बीच 4 से 5 नकाबपोश बदमाश पीछे की ओर से आए और उन्हें पकड़ लिया। बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर नायलॉन की रस्सी से हाथ-पैर बांध दिया था। आंखों पर कपड़ा बांधकर प्रसाद काउंटर के पास लिटा दिया गया। बदमाशों ने गार्ड का नाक और मुंह पूरी तरह दबाए रखा, ताकि वह शोर न मचा सके। आरोपी मंदिर के अंदर घुस गए और करीब एक घंटे तक चोरी करते रहे। इस दौरान उन्होंने मंदिर में रखे चांदी के कई कीमती सामान और दानपेटी को भी निशाना बनाया था। मौके पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले, डॉग स्क्वॉड, फॉरेंसिक टीम की मदद ली गई थी। कई संदिग्धों से भी पूछताछ भी की गई, लेकिन अब तक कोई बड़ा सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है।

### मंदिर का ये सामान हुआ चोरी

मंदिर परिसर से चोरी हुए सामान में चांदी की पादुका, चरण पादुका, आरती की थाली, पंच आरती स्टैंड, चांदी के पांच ग्लास, पंचामृत कलश, चम्मच, छोटी छतरी, अगरबत्ती स्टैंड, चांदी के पैनल, चांदी के कलश और स्वर्ण मंडित नख शामिल थे। फरार होते समय चोरों ने अपने साथ मंदिर में लगे सीसी कैमरे का डीवीआर तक अपने साथ लेकर निकल गए। इस कारण पुलिस को चोरी का खुलासा करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। न ही किसी चोर का शिनाख्त भी नहीं हो पा रहा है।

### जांच जारी है खोजबीन में टीम

“ साई मंदिर चोरी मामले में पुलिस ने टीम बनाई गई है। जगह-जगह पतासाजी की जा रहा है। संदिग्धों से पूछताछ की गई है। इसमें बाहरी गिरोह का हाथ होने का अंदेशा है। आरोपियों की खोजबीन की जा रही है।

-सत्यप्रकाश तिवारी, सीएसपी, भिलाई नगर

**पदमनाभपुर पुलिस ने की कार्रवाई**

# लाखों का डोडा तस्करी करते राजस्थान का युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अवैध रूप से डोडा का चूरा की तस्करी करते एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर बोरसी चौक स्थित शीतला मंदिर के पास पदमनाभपुर से पकड़ा गया।

युवक से पूछताछ करने पर अपना नाम नोकड़ा, गोदारा थाना भोजासार, जिला फलोदी राजस्थान जो हाल में बोरसी निवासी महेंद्र बिश्नोई बताया है। युवक के पसा से 12 किलो 330 ग्राम अवैध डोडा चूरा और नगदी 1500 रुपए बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 1.84 लाख 959 रुपये आंकी गई है। लगातार नशे का सामान लेकर दिगर राज्यों के लोग शहर में लगातार पकड़े जा रहे हैं। इसके कारण जिला नशे का बड़ा हब बन गया है। जिस तेजी से नशे का कारोबार फैल रहा है। पुलिस तस्करों को पकड़ रही है, लेकिन नशे का मास्टर माइंड आज तक पुलिस पकड़ से बाहर है। बाहर से आने वालों का पुलिस डाटा तैयार नहीं कर पाने के कारण ही नशे के कारोबारी छत्तीसगढ़ को सुरक्षित मान रहे हैं।

- 12 किलो से अधिक का डोडा चूरा जब्त, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई

### हेरोइन तस्कर पकड़ाया

**भिलाई।** हेरोइन तस्करी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ढांचा भवन निवासी रज्जी कौर अपने पुत्र किशन सिंग के साथ मिलकर अवैध रूप से हेरोइन (चिट्टा), डोडा बेचने की शिकायत मिली थी। पुलिस घेराबंदी कर प्रकरण में अब तकर आरोपी रज्जी कौर, किशन सिंग, मिथलेश, परमेश्वर, लोकेश, निहाल, अल्ताफ, माजिद, दीपक कुमार शाह, रणदीप, अभयजोत सिंह को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका था। जांच के बाद फरार आरोपी खुर्सीपार जोन-03, सड़क नंबर 4 निवासी राहुल उर्फ गौरव पाठक को पकड़ा गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर केन्द्रीय जेल दुर्ग भेजा गया। आरोपी के पास से पूर्व में 33.36 ग्राम हीरोइन, 281.85 ग्राम डोडा जब्त किया गया था।

### घर जा रहे युवक से लूटपाट, आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** लूटपाट करने वाले युवक व अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अटल आवास जवाहर नगर निवासी उमेश सिंह परमार ने शिकायत किया था कि सिविक सेंटर से काम कर घर लौटते समय उसके साथ लूटपाट हुआ था। शिकायत के बाद पुलिस ने खोजबीन कर घासीदास नगर अटल जामुल निवासी सूरज कुमार राजभर और अपचारी बालक को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने बाइक जब्त किया गया है।










# अपशिष्ट प्रसंस्करण, डिजिटल ट्रैकिंग और पेनल्टी पर दिया विशेष जोर

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 संबंधी कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के अध्यक्षता एवं नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा के उपस्थिति में विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के परिपालन के संबंध में यह कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, नगरीय निकायों की जिम्मेदारी, ठोस अपशिष्ट उत्पादक के कर्तव्य, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सहित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। स्थल पर ही अपशिष्ट प्रसंस्करण, डिजिटल ट्रैकिंग तथा पेनाल्टी पर विशेष जोर दिया जाएगा।

### स्वच्छता के लिए जनसहभागिता हो

कार्यशाला में निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने शहर वासियों से स्वच्छता हेतु जनसहभागिता हेतु विशेष आग्रह किये । घरों से समय पर कचरा उठाव हेतु जीपीएस सिस्टम जल्द लागू करने की बात कही गई है । कार्यशाला में प्रमुख रूप से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का उद्भव एवं विकास का उद्देश्य है। इस संबंध में पीपीटी के माध्यम से स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं पीआईयू अभिनव ठोकने के द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। घरों से निकलने वाले कचरा का विधिवत निपटान एवं प्रबंधन हेतु चर्चा की गई। उद्देश्य लैंडफिल में शून्य अपशिष्ट सुनिश्चित किया जाना है।




### कचरे का अलग-अलग प्रबंधन जरूरी

प्रमुख प्रावधान अपशिष्ट उत्पादकों के लिए स्त्रोत पर अपशिष्ट का पृथक्करण एक वैधानिक अनिवार्यता है, जिसमें गीला, सूखा, सैनिटरी अपशिष्ट शामिल है। नियमों के अनुपालन में विफलता अब मात्र प्रशासनिक त्रुटि नहीं मानी जाएगी। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तीन स्तरीय प्रवर्तन व्यवस्था अनिवार्य की गई है, जिसमें तत्काल जुर्माना, आपराधिक अभियोजन तथा पर्यवेक्षण दायित्वों का निर्वहन न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही शामिल है। प्रथम स्तर प्रारंभिक क्रियान्वयन नहीं होने पर तत्काल अर्थदण्ड, द्वितीय स्तर पर निरंतर अनुपालन नहीं करने पर पर्यावरणीय प्रतिकर एवं अभियोजन, तृतीय स्तर पर अधिकारियों द्वारा पालन नहीं करने पर संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी।

### रिपोर्टिंग व निगरानी करें

कार्यशाला में बताया गया कि संग्रहण एवं पृथक्करण, पंजीकरण एवं डिजिटल अनुपालन, संस्करण अवसंरचना, प्रमाण पत्र जारी करना, लैंडफिल एवं डंपसाइट प्रबंधन, निगरानी एवं रिपोटिंग को शामिल किया गया है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिंहा ने कार्यशाला के दौरान कहा कि वाहनों का वॉशिंग और सायरन बजना प्राथमिकता होना चाहिए। शहर के खुले में कचरा फेंकने वालों के लिए विशेष अभियान चलाने कहे हैं। इस संबंध में पर्यावरण विभाग के अधिकारी गजेंद्र का व्याख्यान भी हुआ । उन्होंने अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में जानकारी प्रदान किये एवं पालन न करने की दिशा में कार्रवाई के संबंध में अवगत भी कराए।

### पार्षदों ने दिए सुझाव

इस विशेष कार्यशाला में शहर के वरिष्ठ पार्षद जालंधर सिंह, स्मिता डोडके, मुकेश अग्रवाल, संजय सिंह, नोहर वर्मा, अभय सोनी, के जगदीश, मीरा बंजारे, प्रियंका साहू, गिरजा बंछोर, सहित शहर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक विशेष रूप से शामिल रहे । सभी सम्मानित पार्षदों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने जनहितैषी अपने बेहतर सुझाव दिए।

## खबर संक्षेप



### आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाई गई राजीव की पुण्यतिथि

**भिलाई**। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 4 द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ दत्ता ने कहा कि उनका त्याग और बलिदान युग-युग तक देशवासी याद रखेंगे। राजीव गांधी ने देश में कंप्यूटर की क्रांति लाई थी और देश में युवाओं को 18 वर्ष आयु में मतदान का अधिकार दिलाने का किया था। कार्यक्रम को पार्षद और एमआईसी सदस्य साकेत चन्द्राकर व वरिष्ठ कांग्रेसी कलाम खान ने भी संबोधित किया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जी याकूब, सत्यनारायण गुप्ता, डीपी सिंह, राकेश ठाकुर, संदीप कोरी, आकाश हांडे, गजेंद्र वर्मा आदि मौजूद थे।

### उरला वार्ड के हमर क्लीनिक में समस्याओं का होगा निराकरण

**दुर्ग**। आईएचएसडीपी आवास उरला में प्रति बुधवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक हमर क्लीनिक के अंतर्गत हेल्थ चेकअप किया जा रहा है। इस दौरान अब दुर्ग निगम की जुड़ी शिकायतें भी की जा सकेंगी। हंसराज नवयुवक मंडल के कार्यकर्ताओं ने इस विषय को लेकर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल से मुलाकात की। इसके बाद आयुक्त के निर्देश पर यह व्यवस्था की गई है। समाजसेवी जयवर्धन ने बताया कि आईएचएसडीपी कालोनी उरला वार्ड 58 के हमर क्लीनिक में संचालित निगम के अस्थाई जोन कार्यालय में राशनकार्ड, पेंशन व टैक्स से संबंधित सभी प्रकार के कार्य किए जाएंगे। बुधवार 20 मई को भी शिविर लगाया जाएगा, जिसमे क्षेत्र में नियुक्त राजस्व अधिकारी शिवा परिहार व लक्ष्मी शर्मा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करेंगे। संपूर्ण पटरीपार के नागरिकों की आवश्यकता, समस्याओं के निराकरण व सुविधाओं में बढ़ोतरी के उद्देश्य से आईएचएसडीपी कालोनी उरला व दुर्ग में समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल द्वारा जनहित व बेहतर वातावरण निर्माण हेतु विभिन्न विषयों में निरंतर हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग ने पति-पत्नी दोनों की काउंसलिंग पर दिया जोर

# हाई रिस्क प्रेग्नेंसी में पति निभाएंगे जिम्मेदारी गोसइय्यां कार्यक्रम के तहत दी गई खास ट्रेनिंग

## डिलीवरी प्लान से लेकर ब्लड डोनर और खानपान तक दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जिले में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित डिलीवरी और बेहतर देखभाल को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने नई पहल शुरू की है। अब गोसइय्यां कार्यक्रम के माध्यम से पतियों को यह सिखाया जा रहा है कि गर्भावस्था के दौरान अपनी पत्नी की देखभाल कैसे करें और प्रसव के समय किन जरूरी बातों का ध्यान रखें।

भिलाई-3 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पताल सुपेला में आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं के साथ उनके पतियों को भी विशेष प्रशिक्षण और काउंसलिंग दी गई। कार्यक्रम में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान, अस्पताल चयन, ब्लड डोनर की व्यवस्था, खानपान, आयरन और कैल्शियम की दवाइयों के महत्व सहित कई जरूरी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसके तहत हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं और पहली तिमाही के बाद की नई गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच की जाती है। गोसइय्यां कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं और उनके पतियों को छह प्रमुख बिंदुओं पर काउंसलिंग दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में आयोजित सत्र में बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि सभी हितग्राहियों का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और बैंक खाते को आपस में लिंक करना जरूरी है। इससे अस्पताल विजिट के दौरान मिलने वाली 100 रुपए की सहायता राशि और प्रसव के बाद जननी सुरक्षा योजना का लाभ सीधे खाते में पहुंच सकेगा।


प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3

### डिलीवरी से पहले अस्पताल तय करने की सलाह

कार्यक्रम में यह भी समझाया गया कि प्रत्येक हाई रिस्क गर्भवती महिला को पहले से यह तय कर लेना चाहिए कि उसकी डिलीवरी किस अस्पताल में कराई जाएगी। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल और जिला अस्पताल की डिलीवरी फैसिलिटी की जानकारी देने के साथ हायर सेंटर मैपिंग कराई गई ताकि प्रसव के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिला नोडल मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. अर्चना चौहान ने कहा कि प्रसव के दौरान यदि रक्त की आवश्यकता पड़ जाए तो पहले से ब्लड डोनर की व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। इसी वजह से पतियों को ब्लड डोनर तैयार रखने और जरूरत पड़ने पर तत्काल संपर्क व्यवस्था बनाए रखने की सलाह दी गई।


सिविल अस्पताल सुपेला

### आपात स्थिति में 102 और 108 से तुरंत करें संपर्क

कार्यक्रम में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के कारणों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि कम कद, थायराइड, हाई ब्लड प्रेशर, अधिक उम्र में गर्भधारण, पूर्व में सीजर ऑपरेशन, ब्लड निगेटिव फैक्टर जैसी कई स्थितियां गर्भावस्था को जोखिमपूर्ण बना सकती हैं। ऐसे मामलों में नियमित जांच और समय पर इलाज बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गर्भवती महिलाओं और उनके परिवारों को यह भी बताया कि आपात स्थिति में मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, 102 और 108 एंबुलेंस सेवा से तुरंत संपर्क करें। साथ ही संबंधित मेडिकल ऑफिसर और सेक्टर सुपरवाइजर के मोबाइल नंबर सुरक्षित रखने की सलाह दी गई।

### प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने बताया तरीका

काउंसलिंग के दौरान महिलाओं को पौष्टिक भोजन लेने, आयरन फोलिक एसिड और कैल्शियम की गोलियां नियमित खाने के लिए प्रेरित किया गया। प्राकृतिक पोषण के लिए पालक, हरी सब्जियां, मूंगा और गुड़ खाने के फायदे बताए गए। वहीं गर्भावस्था में ढीले कपड़े पहनने और हील वाले चप्पल से बचने की सलाह भी दी गई। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य सिर्फ गर्भवती महिलाओं की जांच करना नहीं, बल्कि पूरे परिवार विशेषकर पतियों को जिम्मेदार बनाना है ताकि सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिल सके और प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम को कम किया जा सके।

## खुले में मांस-मछली बेचने और गंदगी फैलाने वालों पर निगम की गाज, वसूला गया जुर्माना



**भिलाई**। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने और शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए निगम प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खुले में मांस, मछली का विक्रय करने वाले और दुकानों के आसपास गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त चालानी कार्रवाई करते हुए अर्थदंड लगाया गया। जोन-2 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में की गई इस कार्रवाई के तहत कुल 2,150 रुपये जुर्माना वसूला गया।

वार्ड 27 से इन्दू देवी सब्जी दुकान (गंदगी फैलाने पर) 300 रुपए, वार्ड 28 से सानिया गंदगी फैलाने पर 50 रुपए, वार्ड 29 से अभय सिंह गंदगी फैलाने पर 100 रुपए, वार्ड 30 लोकराम से गंदगी फैलाने पर 100 रुपए, वार्ड 31 कविता अहिर गंदगी फैलाने पर 100 रुपए, वार्ड 32 परस राम मटन दुकान (गंदगी फैलाने पर) 500रुपए, वार्ड 33 मो. शरीफ मटन दुकान (गंदगी फैलाने पर) 500 रुपए एवं वार्ड 34 मो. सलमान मटन दुकान (गंदगी फैलाने पर) 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इस तरह कुल 2150 रुपए का जुर्माना लगाया गया है ।निगम आयुक्त ने सभी व्यापारियों और नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने दुकानों और घरों के आसपास स्वच्छता बनाए रखें। मटन, चिकन या मछली विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमों के दायरे में रहकर ही व्यापार करें और कचरे का निपटान सही तरीके से करें, अन्यथा आगे भी इस तरह की दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

## फर्जी टैक्स वसूली पर लगेगी रोक, निगम ने सहायक राजस्व निरीक्षकों को जारी किए पहचान पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

करदाताओं के हितों की सुरक्षा एवं फर्जी टैक्स वसूली की शिकायतों पर रोक लगाने के उद्देश्य से राजस्व विभाग में कार्यरत सहायक राजस्व निरीक्षकों को आधिकारिक पहचान पत्र जारी कर दिए गए हैं। निगम प्रशासन की इस पहल से अब करदाता आसानी से निगम के अधिकृत कर्मचारियों की पहचान कर सकेंगे तथा फर्जी व्यक्तियों द्वारा टैक्स वसूली के नाम पर होने वाले फर्जीवाड़े पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा। इस संबंध में आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम द्वारा कर संग्रहण कार्य में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा नियुक्त अधिकृत कर्मचारी ही टैक्स संग्रहण कार्य करेंगे और सभी कर्मचारियों को पहचान पत्र जारी कर दिए गए हैं।



बैठक में राजस्व अधिकारी आरके बोरकर सहित राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निगम प्रशासन ने नागरिकों से कहा है कि टैक्स भुगतान करने से पहले संबंधित कर्मचारी का पहचान पत्र अवश्य देखें और सत्यापन के बाद ही राशि जमा करें।आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नागरिकों से सावधानी बरतने की बात कही। कहा कि यदि कोई व्यक्ति बिना पहचान पत्र के टैक्स राशि की मांग करता है, तो उसकी जानकारी तत्काल संबंधित वार्ड पार्षद अथवा नगर निगम कार्यालय से सत्यापित करें। यदि मामला फर्जी पाए जाने की पुष्टि होती है तो तत्काल पुलिस को भी सूचना दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके।

नगर निगम प्रशासन ने करदाताओं से कहा कि वे करों का भुगतान अधिक से अधिक ऑनलाइन माध्यम से करें। ऑनलाइन भुगतान से समय की बचत होती है, पारदर्शिता बनी रहती है तथा करदाताओं को निगम कार्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

### सड़क चौड़ीकरण का रास्ता साफ

**दुर्ग**। नगर निगम प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर के महाराजा चौक से बोरसी मार्ग तक सड़क चौड़ीकरण और प्रस्तावित निर्माण कार्यों को लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार तेज की जा रही है। संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर बाधक निर्माणों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। महाराजा चौक से बोरसी मार्ग चौड़ीकरण तथा मिनीमाता चौक पुलगांव से जेल तिराहा चौक तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण एवं पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कई स्थानों पर अतिक्रमणकर्ता स्वयं आगे आकर अपने कब्जे और निर्माण हटा रहे हैं। जानकारी के अनुसार सड़क चौड़ीकरण क्षेत्र में लगभग 200 से अधिक व्यक्तियों द्वारा स्थायी एवं अस्थायी रूप से दुकान, बाउंड्रीवाल, पक्के निर्माण, शेड एवं अन्य निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया



दुर्ग। राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स गाइड्स इंदरजीत सिंग खालसा एवं राज्य सचिव बृजेश बाजपेयी के निर्देशानुसार तथा जिला अध्यक्ष अशोक देशमुख, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त अरविंद मिश्रा, जिला आयुक्त गाइड वर्षा ठाकुर के मार्गदर्शन में सुखन्द देवांगन के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान शहर में चलाया गया।

## जलभराव और जल निकासी संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर विशेष अभियान

# जल निकासी व्यवस्था एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- **बारिश पूर्व तैयारियों का महापौर ने किया निरीक्षण**

आगामी बारिश के मद्देनजर नगर पालिक निगम प्रशासन द्वारा शहर में जलभराव और जल निकासी संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग एवं निगम अमला लगातार शहर की व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहा है। इसी क्रम में लोक कर्म विभाग प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने वार्ड पार्षद दीपक साहू, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी शेखर दुबे के साथ सहगल ऑटो के समीप कसारीडीह नाला पहुंचकर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि बारिश के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष तैयारी की जा रही है। जानकारी अनुसार शंकर नाला मुक्तिधाम के पीछे से सफाई अभियान प्रारंभ कर सुराना कॉलेज केलाबाड़ी नाला, पोटिया नाला सहित कसारीडीह नाला की व्यापक सफाई कराई जा रही है। साथ ही जलभराव संभावित स्थानों की पहचान कर वहां आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है।



### जिम्मेदारों का कहना है

**महापौर अलका बाघमार** ने कहा कि निगम प्रशासन बारिश पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध है। शहर के प्रमुख नालों एवं जलभराव संभावित क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**आयुक्त सुमित अग्रवाल** ने कहा कि बारिश के दौरान जलभराव एवं नाली जाम जैसी समस्याओं से निपटने के लिए नियंत्रण व्यवस्था भी बनाई जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में निगम की टीम नियमित मॉनिटरिंग करेगी तथा शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## लोक संस्कृति जस फाग झांकी संघ की बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**दुर्ग**। जिला लोक संस्कृति जस फाग झांकी संघ की बैठक अंगार मोती भवन में हुई। जिसमें दुर्ग जिला के सभी गीतकार गुरुजन और दुर्ग जिले के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ आय व्यय की जानकारी, भवन निर्माण के लिए चर्चा दुर्ग में झांकी रोड शो पर चर्चा की गई। दुर्ग में रोड शो के लिए हिन्दू युवा मंच, शिव सेना, बजरंग दल और अन्य हिन्दू सनातनी संगठन से दुर्ग जिले के पदाधिकारी मिलकर कुछ नियम व शर्तों के साथ रोड शो करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बताया गया कि आने वाले नवंबर माह में दुर्ग जिले के सभी आयोजन समिति और सभी टीम के समक्ष एक बैठक और होगी जिसमें सभी को संघ के नियम की जानकारी दी जाएगी। संघ के जिलाध्यक्ष पवन यादव, सचिव दुर्वासा मेश्राम, उपाध्यक्ष जयदेव, उपकोषाध्यक्ष हेमंत सिंह चौहान, एवन साहू, वरिष्ठ रचनाकार पुरन साहू, धनराज निर्मलकर, ग्वाल दास, चेतन यादव, यशपाल यादव, रतनू चौधरी, देवा देशमुख, दादू नेताम, राजा साहू, किशन साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे यह जानकारी संघ के कोषाध्यक्ष अविनाश सपहा ने दी।



## खबर संक्षेप



### जूनियर कबड्डी में जेसीआर भिलौनी विजेता

**अण्डा।** दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम खपरी सिलोदा में 23 मई को रात्रिकालीन एक दिवसीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के विभिन्न गांवों से कुल 30 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये नगद एवं विनर शील्ड ग्राम पंचायत की सरपंच अनसुईया नारायण साहू ने प्रदान किया। यह पुरस्कार जे.सी.आर. भिलौनी तिल्दा नेवरा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने नाम किया। द्वितीय पुरस्कार 4001 रुपये नगद एवं विनर शील्ड जनपद सदस्य रसमडा नंदकुमार साहू द्वारा प्रदान किया गया, जिसे जागृति मंडल निकुम की टीम ने प्राप्त किया। तृतीय पुरस्कार 3001 रुपये नगद एवं विनर शील्ड श्रीराम मंडल भेडसर टीम को प्रदान किया गया, वहीं चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपये नगद एवं विनर शील्ड शिव जूनियर टीम ढारा रही को दिया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व सरपंच नारायण साहू, विजय साहू, राजू साहू, चितरंजन थे साहू, सतीश निषाद एवं इतवारी निषाद सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ नशाखोरी को भी मिल रहा बढ़ावा

# प्रतिबंध के बावजूद खुले आम बिक रहा सिंगल यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल

हरिभूमि न्यूज ⏩ उतई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के नगर पंचायत के दुकानों में एवं अहाता सेंटर में प्रतिबंधित सिंगल यूज डिस्पोजल एवं पानी पहुंच खुले आम तय कीमत से अधिक दामों में बेचा जा रहा है। नियमानुसार अहाता सेंटरों पर पानी पहुंचे डिस्पोजल बेचना पूर्ण तरीका से प्रतिबंधित है।

■ आहाता सेंटरों में प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से बेचा जा रहा डिस्पोजल, पसरी है चारों तरफ गंदगी

शासन ने भी पर्यावरण की सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस घातक बताया है। जिस वजह से अहातों में पानी पहुंच एवं सिंगल यूज डिस्पोजल बेचते हुए पाया जाता है तो इस स्थिति में अहाता सेंटर का लाइसेंस भी रद्द करने का प्रावधान है लेकिन नियमों के तार पर रखकर अधिकारों की मिली भगत से खुलेआम बेचा जा रहा है। इसका सीधा असर पर्यावरण पर हो रहा है। उपयोग के बाद के बाद पानी पाउच व डिस्पोजल को कहीं भी फेक दिया जा रहा जिस वजह से इसका सीधा असर पर्यावरण पर हो रहा है।

**प्रशासनिक रोक-टोक नहीं होने से जारी है लापरवाही**



### करते हैं कार्रवाई, समझाइश भी दी जा रही

"समय-समय पर विभाग द्वारा कार्रवाई की जाती है तथा बेचने वालों पर 300 से लेकर 1000 तक का फाइन भी लगाया जाता है। लोगों को समझाया जाता है कि सिंगल युक्त प्लास्टिक उपयोग न करें उसके जगह पर थैला का उपयोग करें।

**राजेंद्र नायक,**
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नगर पंचायत उतई

### नियमों को ताक पर रख बेचा जा रहा है सिंगल यूज प्लास्टिक

केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह रोक लगाई थी इसके तहत 120 माइक्रोन से काम की पॉलीथिन, प्लास्टिक कप ,डिस्पोजल,प्लेट ,चम्मच ,स्ट्रॉ यदि पर प्रतिबंध है। व्यापारी संघ अध्यक्ष सतीश पारख ने सुशासन तिहार में आवेदन कर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं डिस्पोजल पर रोक लगा कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है। सुशासन तिहार पर क्षेत्र के सतीश पारख ने लिखित आवेदन लगाते हुवे आरोप लगाया कि कईं दारू भट्ठी में प्रिंट रेट से ज्यादा में बियर एवं दारू भी बेचने की शिकायतें आ रही है। जिसमें आबकारी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत को नकारा नहीं जा सकता। इसके साथ ही सतीश पारख ने यह भी आरोप लगाया कि अंग्रेजी शराब जो ब्रांडेड है उन्हें कोचियों और बार वालों को दे दिया जाता हैं आम जनता को जबरदस्ती कोई भी नया ब्रांड की शराब दी जा रही है साथ ही दुर्ग जिला के कई होटल एवं ढाबा में अवैध तरीके से बैठा कर दारू पिलाने का भी काम किया जा रहा हैं। उन्होंने आरोप लगाया की इसके पहले भी कई बार शिकायतें की गई किंतु कोई कार्यवाही अब तक विभाग द्वारा तय नहीं की गई। उन्होंने मांग की है कि विभाग सहित जिला प्रशासन इस मामले में ढाबों और बार की जांच कर कार्यवाही निर्धारित करे और पर्यावरण संरक्षण में एक सच्चे नागरिक होने का परिचय देते हूए डिस्पोजल व पानी पाऊच पर कड़ाई से बैन का निर्धारण करे।

## विद्यार्थियों ने सीखी प्रोफेशनल फोटोग्राफी की बारीकियां



हरिभूमि न्यूज ⏩ अंडा

शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत सेजेस अंडा दुर्ग विद्यालय के कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों का ऑन जॉब ट्रेनिंग (ओ. जे. टी) प्रशिक्षण अंतर्गत राज फोटो स्टूडियो का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। यह प्रशिक्षण प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर के मार्गदर्शन एवं वोकेशनल ट्रेनर दामिनी साहू के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

■ ऑन जॉब ट्रेनिंग में किया शैक्षणिक भ्रमण

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कैमरा संचालन, स्टूडियो लाइटिंग, फोटोशूट एवं फोटो एडिटिंग की व्यावहारिक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में भाग लेते हुए प्रोफेशनल फोटोग्राफी से जुड़ी विभिन्न तकनीकों को करीब से समझा। साथ ही कैमरा संचालन एवं फोटोशूट गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर स्टुडियो संचालक नीलाम्बर धीवर ने विद्यार्थियों को स्टूडियो कार्यप्रणाली एवं प्रोफेशनल फोटोग्राफी की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल फोटोग्राफी एवं एडिटिंग के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं और यह क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर ने कहा कि इस प्रकार के प्रायोगिक प्रशिक्षण विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे प्रशिक्षण विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं और उन्हें नई तकनीकों से जोड़ते हैं। वहीं वोकेशनल ट्रेनर दामिनी साहू ने कहा कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना आवश्यक है, ताकि वे इंडस्ट्री आधारित कार्यप्रणाली को समझ सकें और अपने करियर में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की।

## बारिश से पहले घरों की मरम्मत में जुटे ग्रामीण



**अंडा।** मानसून आने से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में घरों की रिपेयरिंग मरम्मत का काम तेज हो गया है। गांवों में लोग अपने कच्चे और पुराने मकानों की मरम्मत कर बारिश से बचाव की तैयारी कर रहे हैं।देवरी ( ख) निवासी प्रभू साहू और अंजोर साहू ने छत और दीवारों की रिपेयरिंग कराने में जुटे हुए हैं। उनका कहना है कि बारिश शुरू होने से पहले घर को मजबूत करना जरूरी होता है, ताकि बरसात में किसी प्रकार की परेशानी न हो। ग्रामीण क्षेत्रों में हर साल बारिश के पहले लोग छत की मरम्मत, छानी बदलने और दीवारों की सफाई एवं सुधार का कार्य करते हैं। इन दिनों गांवों में सुबह से ही लोग निर्माण सामग्री जुटाकर अपने घरों को सुरक्षित बनाने में लगे हुए हैं। ग्रामीणों का मानना है कि समय रहते रिपेयरिंग कर लेने से बारिश के दौरान पानी टपकने और दीवार खराब होने जैसी समस्याओं से राहत मिलती है।

## सीएसआर पहल में मरीजों के बीच बांटी टीबी न्यूट्रिशन किट



हरिभूमि न्यूज ⏩ जामुल

अडानी फाउंडेशन, जामुल सीमेंट वर्क्स की ओर से शनिवार को "सीएसआर स्वास्थ्य पहल" के अंतर्गत दुर्ग जिले के टीबी मरीजों हेतु 100 टीबी न्यूट्रिशन किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ.मनोज दानी तथा अडानी फाउंडेशन, जामुल सीमेंट वर्क्स के सी एस आर प्रमुख जमिल अख्तर खान एवं उनकी टीम की उपस्थिति में किट वितरण शासकीय जिला चिकित्सालय दुर्ग क्षय रोग विभाग प्रांगण में किया गया। यह पहल टीबी मुक्त भारत की ओर यह कदम न केवल पोषण सहयोग है बल्कि मरीजों के प्रति संवेदना और समग्र स्वास्थ्य सुरक्षा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

■ अडानी फाउंडेशन, जामुल सीमेंट वर्क्स की सराहनीय कार्य

अडानी फाउंडेशन, की यह पहल मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान कर टीबी मुक्त भारत अभियान को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु एसीसी अडानी सीमेंट जामुल के मुख्य संयंत्र प्रबंधक महेंद्र सिंह के विशेष सहयोग के लिए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ श्री दानी ने उनका आभार व्यक्त किया गया।

## कॉलेज स्टूडेंट ने समझीं सरकारी योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏩ अंडा



शैलदेवी महाविद्यालय अंडा के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक एवं प्रायोगिक कार्य के अंतर्गत जिला एवं जनपद पंचायत कार्यालय, अण्डा, दुर्ग का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पंचायत सचिव रश्मि सिंह राजपूत से मुलाकात कर स्थानीय स्तर पर संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी ली। पंचायत सचिव ने विद्यार्थियों को ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, स्वच्छता अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, पोषण अभियान तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के उद्देश्य एवं उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं आम जनता तक पहुँचाने के तरीकों से संबंधित प्रश्न पूछे। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की वास्तविक जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक रश्मि ताम्रकार एवं सरपंच दिग्विजय सिन्हा, पंचायत सचिव रश्मि सिंह राजपूत व पंचायत कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

■ जिला एवं जनपद पंचायत सचिव से प्राप्त की जानकारी

### पटेल समाज पाटन राज की कार्यकारिणी बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**पाटन।** पटेल समाज पाटन राज के मुख्यालय स्थित पटेल धर्मशाला पाटन में कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। समाज को प्राप्त विभिन्न आवेदनों पर विचार-विमर्श किया गया तथा राज में संचालित गतिविधियों एवं सामाजिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में समाज की एकजुटता, संगठन विस्तार, सामाजिक कार्यक्रमों के संचालन तथा युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने समाज हित में मिलजुलकर कार्य करने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पाटन राज अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल, दुर्ग जिला अध्यक्ष आत्माराम पटेल, दुर्ग राज अध्यक्ष गया प्रसाद पटेल अपनी टीम सहित तथा कुम्हारी राज से कुणाल पटेल एवं उनकी टीम उपस्थित रही। बैठक में गौकरण, हुलेश्वर, शंकर, तीरथ, योगेश, रामबदन, नरसिंह, गैंदलाल, धनेश्वर, अनिल, विनय, डोरीलाल, श्रवण, कृष्णकुमार, राजेन्द्र आदि उपस्थित थे।



## निधन

### प्रभावती देवी शुक्ला



**भिलाई।** चंद्र नगर कोहका निवासी प्रभावती देवी शुक्ला 85 साल का 24 मई की सुबह निधन हो गया। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से 25 मई दोपहर 3.30 बजे रामनगर मुक्ति धाम के लिए निकाली जाएगी। वे बीएसपी अग्निशमन विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी स्व. आरएस शुक्ला की पत्नी, कृपाशंकर, देवशंकर, दीपकचंद्र शुक्ला और पुष्पा देवी पाण्डेय की मां थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### रत्ना मिश्रा



**भिलाई।** एमआईजी-1/ 841 हुडको निवासी रत्ना मिश्रा (64) का निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा निवास स्थान से 25 मई सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे सर्वेश्वर दयाल मिश्रा की पत्नी और प्रीति व प्रिया मिश्रा की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## 'मन की बात' सुनने प्रेरित किया कार्यकर्ताओं को



**ओखरा( मुरमुन्दा)।** भाजपा मुरमुंदा मंडल लिमतरा शक्ति केंद्र की बैठक रखी गई। जिसमें लिमतरा बूथ स्तर शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले बूथ 52, 54, 55, 56 और 210 बूथ स्तर के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान लिमतरा शक्ति केंद्र प्रभारी शारदा अजय जांगड़े महिला मोर्चा अध्यक्ष मुरमुंदा मंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात प्रसारण बूथ स्तर के समस्त कार्यकर्ताओं को सुनने प्रेरित किया। सरपंच सरिता झालाराम मढ़रिया (महिला मोर्चा महामंत्री मुरमुन्दा मंडल) के निवास स्थान पर हुई बैठक में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में सरिता मढरिया, महामंत्री, ज्योति देवांगन जनपद सदस्य, रंजना वर्मा, रिंकी साहू, लूलिमा मढरिया, माधुरी मढरिया, सरस्वती मढरिया, सरोजनी देशलहरे, भूपेन्द्र मढरिया, होरी लाल गायकवाड़, गणेश वर्मा (सहकोषध्यक्ष), अजय जांगड़े, संतोष वर्मा व अन्य मौजूद थे।

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स मे आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**दुर्ग।** दुर्ग ओम ज्वैलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स अपने भाव शोरूम के लिए जाना माना है। जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। श्री सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। सोनी ने बताया कि पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध है। जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जीतना सोना उतना चांदी फ्री ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है। नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है। आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।

## जनपद उप चुनाव को लेकर बीजेपी और कांग्रेस में खलबली

हरिभूमि न्यूज ⏩ पाटन





जनपद पंचायत क्षेत्र क्र मे 4 मे 1 जून क होने वाले उपचुनाव मे ग्राम पाहन्दा अ और सांकरा के मतदाताओं ने अपना मताधिकार का उपयोग करेगे।

ज्ञात हो कि ईस क्षेत्र के पूर्व मे चुनाव मे काग्रेस समथित जनपद सदस्य शैलेश साहू के निधन हो जाने के उपरांत रिक्त पद पर चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। नामांकन पश्चात चिन्ह वितरण भी 20 मई को किया गया। कुल 5 प्रत्याशियों ने नामांकन भरे थे। जिनमें नरेन्द्र गायकवाड़ के नाम वापस लेने के कारण अब मैदान मे 4 प्रत्याशी बचे है। उनमे भाजपा समर्थित सुरेन्द्र साहू, काग्रेस से उर्वशी साहू, छत्तीसगढ़ क्रांति सेना से भूपेंद्र साहू एवं निर्दलीय प्रत्याशी सांकरा निवासी चंदन सिंगौर है। तीन प्रत्याशी ग्राम पाहन्दा अ से है और तीनो साहू समाज से ही है।

ग्राम पाहन्दा और सांकरा दोनो गाँव मे कुल लगभग 60000/ मतदाता बताये जाते है। सभी प्रत्याशी तेज धूप मे भी प्रचार अभियान में लगे है। सुरेन्द्र साहू ग्राम पाहन्दा के पूर्व उप सरपंच रह चुके है और ट्रिपल इंजन की सरकार के चलते विकास कराने दावा कर रहे है। वही ऊर्वशी साहू अपने स्व पति के अधूरे कायो को पूरा करने के दावा करते हुये प्रचार मे निकली हैं। भूपेंद्र साहू पिछले बार भी उसी क्षेत्र से चुनाव लड चुके है अभी भी चुनावी समर मे डटे हुये है। तीनो प्रत्याशी पाहन्दा अ से है। भाजपा और कांग्रेस के जनप्रतिनिधि भी अपने समर्थकों के साथ सुबह और शाम प्रचार मे लगे हैं। क्षेत्र मे चर्चा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं सांसद विजय बघेल की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। पिछले विधानसभा चुनाव मे ग्राम पाहन्दा और सांकरा मे विजय बघेल को करारी हार का सामना करना पड़ा था। जनपद पंचायत पाटन मे एक मात्र जनपद सदस्य और 10 ग्राम पंचायत के 10 वार्ड मे पंच पद हेतु चुनाव कराये जा रहे जिसका मतदान 1 जून को होगा निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार पवन ठाकुर को बनाये गये है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भीषण गर्मी से बिजली की खपत 270 मेगावॉट से 410 पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ट्विनसिटी का पारा 45 डिग्री सेल्सियस चला गया है। इस भीषण गर्मी में एसी, कूलर व पंखें दिन रात चल रहे हैं। जिसकी वजह से बिजली की खपत 45 प्रतिशत बढ़ गई है। जनवरी महीने या आम दिनों में 270 मेगावॉट की खपत दुर्ग भिलाई शहर में थी।

वर्तमान में यही शहरवासी 410 मेगावॉट की बिजली जला रहे हैं। यानी 45 प्रतिशत खपत गर्मी में बढ़ गई है। बिजली की ऐसी खपत होने की वजह से ट्रांसफार्मरों में लोड भी ज्यादा बढ़ गया है। लोड बढ़ने से अचानक बिजली बंद हो रही है।

## खपत इतनी अधिक होने की वजह से ट्रांसफार्मरों पर लोड, बिजली हो रही अचानक बंद

### हर दिन कई बार बिजली बंद की समस्या

भीषण गर्मी में हर दिन बिजली बंद की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। सुपेला, पावरहाउस, छावनी, रामनगर, वैशालीनगर, खुर्सीपार , भिलाई तीन, नेहरूनगर, रिसाली, नेवईभाठा, चंद्रनगर, लोकनगर , न्यू नेहरूनगर, कबीरनगर उमरपोटी, दुर्ग संतराबाड़ी , केलाबाड़ी, विद्युतनगर, हॉस्पिटल एरिया, शंकरनगर, सिकोलाभाठा, सिकोला बस्ती, सिविल लाइन, बोरसी, तितुरडीह आदि क्षेत्रों में बिजली बंद होने की ज्यादा समस्या है। लोगों ने बताया कि दिन में कई बार बिजली बंद हो जाती है। रात में भी यही स्थिति है। शिकायत करने के बाद भी सुधारने के लिए नहीं आते।





### लोड बढ़ने से ट्रांसफार्मर हो रहे फेल

बिजली की खपत बढ़ने से ट्रांसफार्मर भी फेल हो रहे हैं। उतई विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत सब स्टेशन का ट्रांसफार्मर हाल ही में फेल हो गया। इसे सुधारने में दो दिन लगे। इसी तरह सुपेला, पावरहाउस, छावनी क्षेत्र में भी ट्रांसफार्मर हाल ही में लोड बढ़ने की वजह से फेल हुए हैं। दुर्ग में भी यही समस्या आई। अब तो हाल यह है कि विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी थोड़ी सी भी हवा का रूख बदलता है बिजली सप्लाई ही बंद कर देते हैं। कूलरों के जरिए ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने की भी जुगत विभाग ने शुरू कर दी है।

### पारा 44.5 डिग्री पर दिनभर लू का अटैक

ट्विनसिटी का पारा रविवार को 44.5 डिग्री सेल्सियस रहा। पूरे दिन लू का अटैक रहा। अलसुबह ही तेज धूप निकली और गर्म हवाएं भी इसी के साथ चलना शुरू हो गई। शाम को भी गर्म हवाओं से राहत नहीं मिली। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर पश्चिम से आने वाली शुष्क और गर्म हवा के प्रभाव के कारण अधिकतम तापमान बढ़ा हुआ है । अभी इसमें विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है । मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है।

---

## खबर संक्षेप

### शासकीय संगीत कॉलेज में दाखिला शुरू

**भिलाई।** शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय, दुर्ग में बी.पी.ए. प्रथम वर्ष (बैचलर ऑफ परफोर्मिंग आर्ट्स) - शास्त्रीय गायन (हिन्दुस्तानी), भरतनाट्यम, लोक संगीत विषय में प्रवेश हेतु इंदिरा कला एवं संगीत विश्व विद्यालय खैरागढ़ से प्राप्त सूचना के आधार पर आवेदन की प्रक्रिया के लिए निम्नानुसार तिथि निर्धारित की गयी है।महाविद्यालय में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित मार्गदर्शिका सिद्धांत का पालन किया जाता है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म लेने की पंजीयन प्रारंभ हो गई है। अंतिम तिथि 15 जून 2026 निर्धारित की गयी है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रावीण्यता सूची बनायीं जाएगी साथ ही अभिरुचि परीक्षा ली जा सकती है। चयनित विद्यार्थियों की सूची 30 जून 2026 को जारी की जाएगी सीट रिक्त होने पर ही द्वितीय सूची निकाली जाएगी। पाठ्यक्रमों में आयु सीमा का बंधन नहीं है। प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र छात्राएं वी वाय टी विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग के परिसर में संचालित नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग के कार्यालय से सुबह 11 से दोपहर 2 के बीच आकर आवेदन फॉर्म ले सकते हैं। यहां भारतीय जान परंपरा के अनुरूप मुख्य रूप से शास्त्रीय गायन (हिन्दुस्तानी), भरतनाट्यम एवं लोक संगीत विषय पढ़ाये जाते हैं। पिछले कई सालों से यहां के संगीत विद्यार्थियों ने अच्छी उपलब्धि हासिल की है।

---

आंख मूंदकर बैठे हैं निगम के अधिकारी, शिकायत के बाद भी नहीं की जा रही कार्रवाई

# साईं मंदिर के नाम पर शासकीय जमीन पर कब्जा, बन रही अवैध दुकान और मैरिज हॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई नगर निगम क्षेत्र में अवैध और बिक चुकी रोड रास्ता की जमीन पर कब्जा करके पक्का निर्माण करने का सिलसिला तेजी से चल रहा है। इसकी शिकायत भी की जा रही है, लेकिन निगम के जिम्मेदार अधिकारी अतिक्रमण को हटाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ताजा मामला कुरूद स्थित साईं मंदिर प्रांगण का है। यहां कुछ लोगों ने समिति बनाकर साईं मंदिर के नाम पर नगर से लगी एक खाली पड़ी शासकीय जमीन पर कब्जा कर उसका आवंटन कराया। कुछ सालों में अब यहां आबंटित जमीन से बड़ी जगह में घेरा करके बाउंड्रीवाल बना दी गई है। यहां अब धड़ल्ले से मैरिज हाल संचालत कर पैसा वसूला जा रहा है। मैरिज हाल चलाने के लिए ना तो निगम से ना अन्य विभाग से अनुमति ली गी है। हालत यह है कि जिस दिन भी यहां शादी होती है पूरी रोड में गाड़ियां खड़ी हो जाती हैं और जाम लग जाता है। इससे करूद, ढांचा भवन, प्रगति नगर और हाउसिंग बोर्ड व गोकुल धाम जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिकायत करने के बाद भी जामुल पुलिस या निगम के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। क्षेत्र के भाजपा नेता नंदू टंडन का कहना है कि यह जगह मंदिर प्रांगण के नाम पर ली गई थी। आज यहां शादी भवन और टेंड हाउस चलाकर व्यापार किया जा रहा है। निगम और जिला प्रशासन को चाहिए कि यहां कार्रवाई करे, जिससे क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

## कुरूद में अतिक्रमण रोकने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे अधिकारी





### मंदिर की जमीन पर कब्जा कर बना दी दुकान

मंदिर के ठीक बगल से हाउसिंग बोर्ड की कुछ दुकाने बनाई गई हैं। इन दुकानों के क्षेत्र के रहवासी शोयेब खान और सुनील कुमार सिंह व अन्य ने खरीदा और वहां व्यापार कर रहे हैं। सुनील कुमार सिंह ने मंदिर की जगह पर कब्जा किया और वहां एक अलग से दुकान बना ली है। यहां उसने नंदिनी डेली नीड्स नाम से बोर्ड भी लगा दिया है। दुकान बनाकर उसके ऊपर शेड बना दिया है। शोयेब खान ने बताया कि उन्होंने साईं मंदिर भवन परिसर में अवैध रूप से मैरिज हॉल संचालित करने और अवैध दुकान बनाने की शिकायत निगम और कई अन्य जगह की है, लेकिन अधिकारियों से पहुंच के चलते यहां कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।सुनील सिंह का कहना है कि उसने खुलेआम अवैध दुकान बनाई है, निगम या जिला प्रशासन के अधिकारियों की हिम्मत है तो वो इसे तोड़ कर दिखाएं, उसकी पहुंच काफी ऊपर तक है। इससे साफ है कि जिम्मेदार अधिकारी अतिक्रमण के सामने बौने नजर आ रहे हैं।

### कैलाश नगर में रोड पर बना दिया मकान लेकिन कार्रवाई नहीं

इसी तरह कैलाश नगर जोन 2 वार्ड 21 में अरिहंत टेडर्स के पीछे एक व्यक्ति ने कालोनी की 30 रोड़ में 10 फिट रोड घेरकर वहां दो मंजिला इमारत खड़ा कर दिया है और आगे भी निर्माण कार्य जारी रखे हुए हैं। कालोनी के लोगों ने कलेक्टर, तहसीलदार और निगम में कार्रवाई के लिए शिकायत गुहार लगाई। मीडिया में भी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया, निगम और राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर गए उन्होंने देखा कि गलत निर्माण हो रहा है, लेकिन कार्रवाई करने की जगह बैरंग ही वापस लौट आए। इससे अतिक्रमण करने वाले के हौसले और बुलंद हो गए हैं।

---

# ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट से कबाड़ दुकान में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

कबाड़ी की दुकान में अचानक आग लग जाने से सारा सामान जलकर खाक हो गया है। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक सुपेला स्थित राधिका नगर में कबाड़ी दुकान में आग लग गई। आग तेजी से फैलने से आसपास अफरा-तफरी मच गई। कबाड़ी दुकान के पास में ही ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। उसमें अचानक चिंगारी निकली और आग कबाड़ी दुकान तक पहुंच गई। बस्ती के लोगों ने आगजनी की जानकारी दमकल कर्मियों को दी। खबर लगते ही टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। जब तक आग बुझती कबाड़ी दुकान का काफी सामान जल गया था। अग्निशमन टीम के मुताबिक कबाड़ी दुकान परमानंद चंदेल की है। दुकान में बड़ी तादात में कबाड़ था इससे भी आग तेजी से फैली है। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण ट्रांसफॉर्मर में हुए शॉर्ट सर्किट से होना बताया जा रहा है। लेकिन जांच के बाद ही असली कारणों का पता चल पाएगा। आग में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग बुझाने में अग्निशमन दल प्रभारी घनश्याम यादव, कर्मी रामनाथ कुर्रे, संतोष कुमार, अनंत कुमार, भीखम, टिकेन्द्र, जितेन्द्र समेत टीम मौजूद थी।

■ राधिका नगर सुपेला की घटना

**बिजली व्यवस्था रही प्रभावितः** राधिका नगर में लगी आग के कारण कई घंटे इलाके में ब्लैकआउट रहा। कई घंटे बाद बिजली व्यवस्था बहाल हो पाई। फॉरेस्ट नर्सरी में भी

### तालपुरी की नर्सरी में लगी आग

इधर हुड़को इलाके में तालपुरी फॉरेस्ट नर्सरी शनिवार देर शाम आग लग गई। आग से पेड़ो और सूखी झांड़ियां जल गईं। खबर लगते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात है। आगजनी में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। सिर्फ सुखे पौधे जले हैं।

---

# जय शक्ति आश्रम निकुम के संतश्री माताजी की हालत गंभीर

## रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग जिले के निकुम ग्राम में स्थित जय शक्ति आश्रम (तीर्थराज देवी निकुंभला धाम) के संस्थापक व संतश्री माताजी की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हे रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के आईसीयू में भर्ती करवाया गया है। जहां डॉक्टरों की निगरानी पर इलाज चल रहा है। निकुम एक प्रमुख आध्यात्मिक और धार्मिक केंद्र है। यह आश्रम क्षेत्र में शांति, लोक कल्याण और धार्मिक अनुष्ठानों का एक प्रमुख केंद्र रहा है। संतश्री माताजी के द्वारा व उनके मार्गदर्शन में जहां समय-समय पर



बड़े यज्ञ और महायज्ञ आयोजित किए गए हैं। गणपति भद्रकाल्यै नमः जैसे विशिष्ट महायज्ञों का आयोजन किया जा चुका है। प्रमुख अनुष्ठान और महायज्ञःक्षेत्र में सुख-शांति और अकाल व सूखे से राहत दिलाने के लिए आश्रम में विशेष अनुष्ठान हुए हैं। पूर्व जनपद सभापति रूपेश देशमुख व निकुम शिवमहापुराण कथा के मुख्य आयोजक रूपेश देशमुख ने बताया कि संतश्री माताजी को इलाज के लिए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में दाखिल करवाया गया है। ब्रेन स्ट्रोक की वजह से उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

---

# यादगार होगा इप्टा के बाल नाट्य शिविर का समापन समारोह, 100 से अधिक नन्हे कलाकार देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

इप्टा भिलाई द्वारा नेहरु सांस्कृतिक भवन परिसर में चल रहे 25 दिवसीय ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरुण नाट्य शिविर का समापन समारोह कलाप्रेमियों के लिए यादगार होगा। पच्चीस और छब्बीस मई को भिलाई विद्यालय सेक्टर दो के सभागार में शिविरार्थी नन्हें कलाकार रंगारंग कलात्कम प्रस्तुति देंगे। दो दिवसीय समारोह में सौ से अधिक बच्चे व युवा कलाकार शिविर में तैयार नाटकों, लोगनृत्य डांस और जनगीतों आदि मोहग कार्यक्रम देंगे। इस अवसर पर इप्टा सहित शहर के रंगकर्मी व बच्चों के पैरेंट्स उपस्थित रहेंगे।

भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा , सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के सहयोग से आयोजित इप्टा के समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के प्रभारी महाप्रबंधक एबी श्रीनिवास तथा विशेष अतिथि महाप्रबंधक शिक्षा विभाग शिखा दुबे, और क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के डीजीएम राजेंद्र प्रसाद होंगे। 5 मई से 24 मई तक आयोजित शिविर में प्रशिक्षकों द्वारा तैयार किए गए जनगीत (मणिमय मुखर्जी, सुचिता मुखर्जी)छत्तीस गढी गीत (भारत भूषण परगनिहा),नाटक (चारू श्रीवास्तव, हर्ष, रोहित रेड्डी, रोहित पाली), नृत्य रोहित रेड्डी, प्रतिष्ठा यादव, गौरी परांजपे, चारू श्रीवास्तव) के मंचन किए जाएंगे।

### भिलाई विद्यालय में 25 और 26 मई को आयोजन

भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा , सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के सहयोग से ग्रीष्म कालीन बाल एवं तरूण नाट्य शिविर का दो दिवसीय समापन समारोह भिलाई विद्यालय के मुख्य सभागार मे आयोजित किया गया है। इस सांस्कृतिक आयोजन के मुख्य अतिथि एबी श्रीनिवास महा प्रबंधक प्रभारी नगर सेवाएं विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र तथा विशेष अतिथि शिखा दुबे महा प्रबंधक शिक्षा विभाग , राजेन्द्र प्रसाद उप महा प्रबंधक क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र होंगे। इस शिविर में प्रशिक्षकों द्वारा तैयार किए गए जनगीत (मणिमय मुखर्जी, सुचिता मुखर्जी)छत्तीस गढी गीत (भारत भूषण परगनिहा),नाटक (चारू श्रीवास्तव, हर्ष, रोहित रेड्डी, रोहित पाली), नृत्य रोहित रेड्डी, प्रतिष्ठा यादव, गौरी परांजपे, चारू श्रीवास्तव) के मंचन किए जाएंगे।

---

# कोसानाला के सीमांकन में बड़ा खेल, एक नाले का दो खसरा नंबर, हो रहा एक का ही सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई नगर निगम के जोन 1 अंतर्गत आने वाले कोसानाला से लगी शासकीय जमीन का सीमांकन में बड़ा खुलासा हुआ है। जिस नाले का सीमांकन किया जा रहा है राजस्व रिकार्ड में उसे दो भाग में बांटकर नक्शा बनाया गया और दोनो का अलग-अलग खसरा नंबर भी अंकित किया गया है, लेकिन आरआई और पटवारी की टीम ने केवल जुनवानी एरिया के 794 नंबर खसरा को नापा और नाले की चौड़ाई 16 मीटर बता दी, जबकि वास्तविकता ये है कि नाले की चौड़ाई कोहका क्षेत्र में खसरा नंबर 2029 की 16 मीटर और जुनवानी एरिया में खसरा नंबर 794 में 16 मीटर है। इस तरह कुल नाले की चौड़ाई 32 मीटर व उससे अधिक है, लेकिन भूमाफियाओं को फायदा पहुंचाने के लिए निगम और राजस्व विभाग के अधिकारी नाले को 16 मीटर दिखाकर नाप रहे हैं। पार्षद हरिओम तिवारी ने इस नाले का कई साल पुराना राजस्व नक्शा निकाला। उसमें साफ अंकित है कि तत्कालीन राजस्व विभाग के अधिकारियों ने एक ही नाले को दो भाग में दिखाते हुए कोहका एरिया और जुनवानी एरिया का खसरा भी अलग-अलग अंकित कर दिया था। इसी गलती का फायदा उठाकर कई लोगों ने



■ कोहका एरिया नाला का खसरा 2029 और जुनवानी का 794 दोनों की चौड़ाई 16-16 मीटर

नाला और उससे लगी शासकीय जमीन खसरा नंबर 1177, 901 और 2040 की कई एकड़ जमीन पर कब्जा किया और वहां बड़ी बड़ी बिल्डिंगे तक तान दी है। अब तक की जांच रिपोर्ट और आरआई पटवारियों से बातचीत में यह पता चला है कि शशांक रस्तोगी और विपिंदर सिंह ने शासकीय जमीन पर कब्जा किया है। टीम का कहना है कि वो और भी नाले से लगी शासकीय जमीन का सीमांकन कर रहे हैं। इस यह सीमांकन एसएलआर टीम के निर्देशन में होगा। इसमें जिन लोगों के भी नाम आएंगे उसकी रिपोर्ट कलेक्टर अभिजीत सिंह को दी जाएगी। उसके बाद उनके निर्देशन में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

### पुलिस चेकिंग में संदिग्धों की जांच



**भिलाई।** वैशाली नगर पुलिस ने जवाहर नगर स्थित बॉम्बे आवास एवं आईएसडीपी आवास में प्रातः काल में पहुंचकर चेकिंग शुरु किया गया। अभियान में 4 संदिग्ध को पकड़कर पूछताछ और सत्यापन कार्रवाई की गई। पुलिस को मौके से बिना नंबर की 5 संदिग्ध वाहन भी जब्त किए गए है। उनके दस्तावेजों, स्वामित्व की जांच की जा रही है। कार्रवाई में 2 व्यक्तियों को पुलिस ने पकड़ा है। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण करना है। फरार आरोपियों, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करना है। कार्रवाई में थाना वैशाली नगर, थाना नंदिनी, थाना नेवई, चौकी स्मृति नगर, चौकी जेवरा सिरसा, महिला थाना, ट्रैफिक थाना भिलाई, पुलिस लाइन दुर्ग के अधिकारियों, कर्मियों का योगदान रहा है।

---

## भिलाई निगम कर रहा परिसंपत्तियों का डिजिटल डाटा तैयार

# जीआईएस सर्वे शुरू, संपत्तियों का होगा डिजिटल रिकॉर्ड तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत शहर के सुव्यवस्थित विकास एवं कर व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जी.आई.एस. (जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम) सर्वे का कार्य प्रारंभ किया गया है। सर्वे के माध्यम से निगम क्षेत्र की सभी संपत्तियों, भवनों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य परिसंपत्तियों का डिजिटल डाटा तैयार किया जाएगा।

■ अधिकारियों ने नागरिकों से सर्वे कार्य में सहयोग व सही जानकारी प्रदान करने की अपील की



निगम प्रशासन द्वारा नियुक्त सर्वे टीम वार्डों में घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित कर रही है। सर्वे के दौरान संपत्ति का माप, उपयोग, निर्माण की स्थिति एवं अन्य आवश्यक जानकारियां संकलित की जा रही हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि सर्वे कार्य में सहयोग प्रदान करें तथा सही जानकारी उपलब्ध कराएं।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार जी.आई.एस. सर्वे पूर्ण होने के बाद संपत्ति कर निर्धारण में पारदर्शिता आएगी तथा शहर की विकास योजनाओं को बेहतर ढंग से तैयार करने में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण पर भी नियंत्रण किया जा सकेगा। निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने बताया कि सर्वे कार्य चरणबद्ध तरीके से सभी जोन एवं वार्डों में कराया जा रहा है तथा कार्य पूर्ण होने के बाद निगम की सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं डिजिटल बनाया जाएगा।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 25 मई 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04



रेट्रो फैशन फिर उभरा स्टाइल...

**लाइव इवेंट**

## 26 साल बाद मिले बचपन के यार, यादों के झरोखे से लौटे स्कूल के दिन



**भिलाई।** बीएसपी हायर सेकंडरी स्कूल रिसाली के वर्ष 2000 बैच के दोस्तों का मिलन समारोह वृंदावन गार्डन, पुलगांव दुर्ग में धूमधाम से मनाया गया। हर वर्ष की तरह इस बार भी 26 साल बाद एक ही छत के नीचे जुटे दोस्तों ने बचपन की यादों को फिर से जी लिया। आयोजन में मुंबई, पुणे, कोलकाता, उत्तराखंड, ग्वालियर और उड़ीसा समेत देशभर से साथी पहुंचे।

कार्यक्रम की शुरुआत परिचय सत्र से हुई, जिसके बाद खेल-कूद, मस्ती-मजाक का दौर चला। एकल नृत्य में अर्चना भट्ट, अनुपमा देशमुख एवं भारती सिन्हा ने प्रस्तुति दी। कपल डांस में जय कुमार कोसेवाड़ा-भारती सिन्हा, दौलत राम साहू-जीनिता दोहरे, कविता-दौलत राम साहू, प्रवीन करन तथा दिलीप आर्या-शशिलता ने समां बांधा। ग्रुप डांस में दिलीप आर्या, गोपाल देवांगन, सुरेश चौधरी, जय कुमार कोर्सेवाड़ा ने सामूहिक प्रस्तुति दी। खेल प्रतियोगिता कंचन एवं बाली कुर्रे ने कराई, जिसमें प्रथम श्रेणी में अनुपमा देशमुख और तामेश्वरी रावत रहीं। जयश्री ने सुरीले गीतों से माहौल खुशनुमा कर दिया। सभी साथियों को यादगार गिफ्ट भी दिए गए।

आयोजन में मुख्य भूमिका उमा साहू, प्रेमिशा नायक, जय कुमार कोसेवाड़ा, सुरेश चौधरी, गोपाल देवांगन, धनेन्द्र विश्वकर्मा, कंचन ने निभाई। 40 बसंत पार कर चुके दोस्त एक दिन के लिए फिर बच्चे बन गए और नए उत्साह के साथ अगले साल फिर मिलने का वादा कर विदा हुए। जय कुमार कोसेवाड़ा ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर सोहन साहू, कुंजलता निर्मलकर, चित्रा चौहान, कविता, दौलत राम साहू, दीपक ठाकुर, देवेंद्र नामदेव, लालचंद बंजारे, ललिता चौधरी, लता मंडले, मोजेश साहू, रेखा कश्यप, सतेंद्र कनौजे, सीमा सिंह, सुमन यादव, सूरज कपूर, सुशील सिन्हा, विनीता देवांगन सहित बड़ी संख्या में साथी मौजूद रहे।

**लाइव इवेंट**

## प्याऊ के सेवा कार्य में सहयोग देने वाले श्रमिकों का गमछा और श्रीफल भेंट कर सम्मान



**भिलाई।** भीषण गर्मी और लू के रेड अलर्ट के बीच सामाजिक संस्था दिशा मानवता और सेवा की मिसाल पेश कर रही है। फॉरेस्ट एवेन्यू हुडको स्थित संस्था का प्याऊ पिछले दो महीनों से राहगीरों, मजदूरों और जरूरतमंदों के लिए राहत का केंद्र बना हुआ है। प्याऊ के दो माह पूर्ण होने पर संस्था ने इस सेवा कार्य में सहयोग देने वाले श्रमिकों का गमछा और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान उनके लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई। दिशा द्वारा संचालित इस प्याऊ में प्रतिदिन शीतल जल के साथ लस्सी, मट्ठा, जलजीरा, आम पना और सत्तू का शर्बत निःशुल्क वितरित किया जा रहा है। इन पेयों से राहगीरों, मजदूरों और आम नागरिकों को भीषण गर्मी में बड़ी राहत मिल रही है।

दिशा के सदस्यों ने कहा कि समाज के वास्तविक निर्माता श्रमिक ही हैं और उनके सम्मान के बिना किसी भी सामाजिक पहल की पूर्णता संभव नहीं है। कार्यक्रम में संस्था के रामानुजन राजू, सुजीत चक्रवर्ती, भास्कर देवनाथ, राजेश धारकर, बापी दास, जवाहर, प्रदीप दास, शांतनु दासगुप्ता, शैलेश दशोरे, मनोज ठक्कर, देबाशीष मजूमदार, उत्तम डे, कल्याण राय, अंजन रॉयचौधरी, सुनीता मजूमदार, कल्पना चक्रवर्ती, रीता दास, अपर्णा देबनाथ, डॉ. ज्योति धारकर, बी कृष्णा एवं वाई कामाक्षी आदि उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन शुरू

**भिलाई।** भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार देश के उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। सांसद विजय बघेल ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि समाज के ऐसे असाधारण बच्चों को पहचान दिलाने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित कराने में सभी अपना सहयोग दें। यह पुरस्कार छह प्रमुख श्रेणियों में प्रदान किया जाता है, जिनमें वीरता, समाज सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शामिल हैं। मंत्रालय के अनुसार, इस पुरस्कार के लिए वही बच्चे पात्र होंगे जिनकी आयु 31 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष से कम होगी। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया 1 अप्रैल 2026 से शुरू हो चुकी है, जबकि आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। मंत्रालय ने जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को समर्पित लॉगिन क्रेडेंशियल भी जारी किए हैं, ताकि वे अपने क्षेत्र के योग्य और प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान कर उनका नामांकन कर सकें।

● 25 मई रात 8.36 से शुरू हुआ नवतपा, ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 22 जून रात 8.58 बजे आर्द्रा प्रवेश से शुरू होगा मानसून

# नवतपा में 3 जून तक तपेगी धरती, गुरु के राजा होने से सुवृष्टि का बना योग, 36 साल बाद आज बना गंगा दशहरा का दुर्लभ संयोग

भिलाई। पंचाग के अनुसार ज्येष्ठ मास में पड़ने वाले नवतपे की शुरुआत आज से हो जायेगी। ज्योतिष और विज्ञान दोनों मानते हैं कि ये 9 दिन पूरे साल के मौसम का लेखा-जोखा तय करते हैं। नौतपा जितना तपेगा, मानसून उतना ही झूमकर बरसेगा। रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और इसके साथ ही शुरु हो जाएगा सूर्यदेव के रविवार की रात 8 बजकर 36 मिनट पर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने के बाद सोमवार की सुबह से नवतपे की शुरूआत मानी जायेगी। जो कि 3 जून बुधवार को दिन में 11 बजकर 34 मिनट तक 9 दिनों तक रहेगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस वर्ष का नवतपा खूब तपेगा क्योंकि इस संवत के राजा गुरु हैं, जो सुवृष्टि का योग बनाते हैं। किसानों के लिए राहत की खबर है कि इस साल बारिश पर्याप्त होने की पूरी संभावना है और इसी दिन 25 मई को यानी आज तीन दशक बाद गंगा दशहरा का दुर्लभ संयोग भी बन रहा है।





### नवतपा के वैज्ञानिक और ज्योतिषीय कारण



ज्योतिषाचार्य एवं भागवताचार्य पंडित विनोद चौबे महाराज के अनुसार जब सूर्य वृषभ राशि में 10 डिग्री के होते हैं तो सूर्य की तापयुक्त सीधी किरणें पृथ्वी पर पड़ती हैं। यह स्थिति 23 डिग्री 40 कला तक लगातार 9 दिनों तक चलती है, इसी को नवतपा कहा जाता है। कहा गया है- सजला निर्जला ज्ञेया निर्जला सजलास्तथा यानी नवतपा जितना तपेगा, बारिश उतनी ही अच्छी होगी। दरअसल वृषभ राशि के स्वामी शुक्र हैं जबकि रोहिणी नक्षत्र के स्वामी चंद्रमा हैं। चंद्र जल के कारक ग्रह हैं और पृथ्वी से सर्वाधिक नजदीक भी हैं। सूर्य पूरे सौर मंडल के अधिपति ग्रह हैं। इस प्रकार शुक्र, चंद्र और सूर्य तीनों ग्रह इस वर्ष अच्छी बारिश एवं अधिक अन्न उत्पादन का योग बना रहे हैं।

### मानसून 22 जून को, आर्द्रा प्रवेश से होगी शुरुआत

पं चौबे महाराज ने बताया कि फलित ज्योतिष के मेदिनी चक्र आर्द्रा नक्षत्र प्रवेश कुंडली के मुताबिक 22 जून को रात 8 बजकर 58 मिनट पर सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। इसी के साथ बारिश की शुरुआत हो जाएगी।

### 36 साल बाद बना गंगा दशहरा का दुर्लभ योग आज

इस बार गंगा दशहरा 25 मई यानी आज मनाया जायेगा। अधिक मास में यह गंगा दशहरा तीन दशकों यानी 36 साल बाद बना है जब भगवान श्री हरि विष्णु, भगवान शिव और मां गंगा तीनों का एक साथ 25 मई को गंगा दशहरा के दिन पूजा और दान करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। भगवान श्रीकृष्ण स्वयं कहते हैं कि अधिकमास में किया गया दान और निष्काम भाव से किया गया पूजन कोटि अधिक फल की प्राप्ति होती है।

### पुरुषोत्तमी एकादशी 27 को और निर्जला जून में

पुरुषोत्तमी एकादशी 27 मई को है, जबकि अधिकमास होने की वजह से निर्जला एकादशी व्रत 25 जून को रखा जाएगा। गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान से 10 तरह के पाप नष्ट होते हैं। यदि गंगा स्नान संभव न हो तो घर में गंगाजल मिलाकर स्नान करें और ॐ नमो गंगायै विश्वरूपिण्यै नारायण्यै नमो नमः मंत्र का जाप करें। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि नवतपा में लू चलना, आंधी आना शुभ संकेत है। इससे मानसून समय पर और अच्छा आता है। इस दौरान दोपहर 12 से 4 बजे तक घर से न निकलें, सूती कपड़े पहनें और भरपूर पानी पिएं। इन दोनों ही एकादशी का विशेष महत्व है। इस दौरान उपवास रहकर नामजप और दान का पुण्यफल प्राप्त होता है।

## देवी-देवताओं का पंचद्रव्यों से अभिषेक कर किया अनुष्ठान, हुआ महाभंडारा



**भिलाई।** दुर्ग के सिंधिया नगर स्थित दुर्ग पूजा मैदान में सुभाष वेलफेयर सोसाइटी का 13वां स्थापना दिवस पूरे धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह साढ़े 10 बजे विशेष पूजा शुरू हुई, जिसमें मुख्य पुजारी मानस पांडा ने तीन अन्य पुजारियों के साथ मिलकर मंदिर परिसर में विराजमान भगवान गणेश, भगवान शिव, भगवान हनुमान और भगवान शनिदेव की विशेष आराधना की। पूजा के दौरान देवी-देवताओं का विशेष अभिषेक किया गया और अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न हुए। इन धार्मिक अनुष्ठानों का समापन हवन' के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को नए वस्त्रों से सुसज्जित किया गया था और पूरे मंदिर परिसर को फूलों तथा रोशनी से सजाया गया था। सुभाष वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा काकुली भंजा और महासचिव सुदीप मोइत्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि हर साल सोसाइटी का स्थापना दिवस बड़े ही भव्य और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह सोसाइटी का 13वां वर्ष है। दिन के समय पड़ने वाली भीषण गर्मी को देखते हुए शाम के समय श्रद्धालुओं के लिए एक भंडारे का आयोजन किया, जिसमें लगभग एक हज़ार श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। कोषाध्यक्ष गौतम सिल, उपाध्यक्ष दिलीप बोस और विमल साहा के साथ-साथ निमाई पाल, श्यामल समाद्दार, संजय मजूंमदार, मितिलाई रॉय चौधरी, एस.सी. बाला और अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम के संचालन के लिए सहयोग किया।

## सेना भर्ती परीक्षा 1 जून से दो फेज में हो

- प्रदेश भर में दस सेंटर बनाए गए हैं
- दुर्ग, भिलाई, रायपुर में होगा परीक्षा
- तीन शिफ्टों में होगा परीक्षा

**भिलाई।** भारतीय सेना ने भर्ती साल 2027 के लिए आयोजित होने वाली ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) की तिथियों की घोषणा कर दी है। यह परीक्षा 1 जून से 5 जून 2026 तक और 8 जून से 12 जून 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी किए जाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में परीक्षा के लिए भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर समेत 5 शहरों में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा प्रतिदिन 3 से 4 शिफ्टों में आयोजित होगी। पंजीकृत अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय की ओर से अभ्यर्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रवेश पत्र पर दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करे और परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पहुंचे। भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है। चयन केवल मेरिट के आधार पर किया जाना है। अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों से अपील की गई है कि वे नौकरी दिलाने का दावा करने वाले दलालों और बिचौलियों से सावधान रहें। परीक्षा, प्रवेश पत्र या भर्ती प्रक्रिया से जुड़े किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास स्थित सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर से संपर्क कर सकते हैं।

**रीवा में वाहन दुर्घटना में आर्यिका उपशम मति और श्रुतमति माताजी का निधन**

## दो आर्यिकाओं के असामयिक समाधि मरण पर जैन समाज शोकाकुल, हुई विनयांजलि सभा, साधु सुरक्षा का लिया संकल्प

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, नेहरूनगर भिलाई में विराजमान परम पूज्य आर्यिका 105 शैलमति माता और अदूरमति माताजी के ससंघ सान्निध्य में रविवार को भगवान का अभिषेक-पूजन उपरांत विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया।

जैन समाज को गहरा आघात उस समय लगा जब संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की कृपा-छाया में दीक्षित, आचार्य श्री से दीक्षित आर्यिका 105 उपशम मति माताजी एवं आर्यिका 105 श्रुतमति माताजी का रीवा मध्यप्रदेश में विहार के दौरान वाहन दुर्घटना में असामयिक समाधि मरण हो गया। अहिंसा की पुजारी पद विहार करने वाली साध्वियों के साथ हुए इस हादसे ने पूरी जैन समाज को झकझोर दिया।

### अंतिम सांस तक णमो अरिहंताणं को जिया

विनयांजलि सभा में आर्यिका संघ ने प्रवचनों में कहा कि माताजी ने स्व से सर्व की यात्रा की। उपशम नाम के अनुरूप क्रोध, मान, माया, लोभ को उपशमित कर शांति का मार्ग दिखाया। श्रुतमति माताजी ने जिनवाणी को आत्मसात कर श्रुत का अमृत बांटा। उनका मौन भी उपदेश था। यह समाधि मरण असामयिक जरूर है, पर उनके लिए समाधि थी समता में लीन, आत्मा में स्थित। उन्होंने अंतिम सांस तक णमो अरिहंताणं को जिया। गुरुदेव विद्यासागर जी ने सिखाया है आक्रोश को आत्म-जागृति में बदलो, शोक को संकल्प में बदलो।



कार्यक्रम का संचालन विधानाचार्य अनेकांत जैन ने किया। दीप प्रज्वलन दिगंबर जैन सभा के अध्यक्ष मनीत जैन, संरक्षक अशोक पहाड़यिा, आई एम जैन, नागेंद्र मोहन जैन, विनोद जैन, संदीप जैन, भरत गोधा, अजित जैन आदि ने किया। मंगलाचरण मंजूषा आनंद जैन ने प्रस्तुत किया। सभा में अथर्व जैन, राजकुमार जैन, अशोक पहाड़यिा, सौरभ जैन, स्पर्श नायक, राशि बाकलीवाल, अनुभा, मीना, उषा, संघस्थ दीदी, कमलेश जैन सहित सीए क्षितिज जैन ने भावांजलि दी। सभी ने साधु सुरक्षा व साधु सेवा को प्राथमिक दायित्व मानकर कार्य करने का संकल्प लिया।

अहिंसा परमो धर्म- अहिंसा ही परम धर्म हैं, परम तप हैं, साधक का ध्येय हैं। साधु दिग्दर्शक हैं, साधु - साध्वी मोक्षमार्ग पर चलते हुए अन्य भव्य जीवों को निरंतर अपनी साधना से प्रतिसमय उपदेश देते हैं।



## सिटी इवेंट

# स्वदेशी जागरण मंच के कार्यक्रम में दुर्ग के व्यापारी भी हुए शामिल



**दुर्ग।** लखनऊ में अखिल भारतीय उद्योग मंडल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में दुर्ग के भी प्रतिनिधि शामिल हुए। छत्तीसगढ़ प्रांत प्रतिनिधि के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के व्यापारी व जिला प्रमुख आशीष निमजे ने सहभागिता दी। प्रांतीय टोली से अपने अनुभव कथन में निमजे ने बताया कि भारत के सभी राज्यों में व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन करना है अब तक 7 राज्यों में गठन हो चुका है। शेष राज्य में भी शीघ्र बोर्ड का गठन किया जायेगा और व्यापारी जुटान को अब से स्वदेशी व्यापारी मंच के नाम से जाना जायेगा। छत्तीसगढ़ प्रांत में भी बोर्ड के गठन को लेकर प्रांतीय टोली से लगातार चर्चा हो रही है। जिस तरह राष्ट्र हित में तैनात जवानों के प्रति समाज सम्मान का दृष्टि रखता है। ठीक उसी तरह व्यापारी बंधुओं के प्रति हमें आदर सम्मान की दृष्टि रखना चाहिए क्योंकि वे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। ई कॉमर्स में सुधार एवं हमारे व्यापारी निर्यातक कैसे बने इस पर भी देश भर के प्रत्येक जिलों में कार्यशाला का आयोजन हो इस विषय को भी लेकर मंच में योजना बनाई गई। सम्मेलन में राष्ट्रीय संघटक कश्मीरी लाल, सह संघटक सतीश कुमार, व्यापारी कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंघवी, राष्ट्रीय संयोजक पीसी भारतीया भी शामिल हुए। यह जानकारी दुर्ग संभाग सदस्य पोषण साहू ने दी।

- लखनऊ में अखिल भारतीय उद्योग मंडल का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित

## सिटी लाइव

# अप्रेंटिस को दी तकनीकी दक्षता की जानकारी



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) के तहत तकनीशियन एवं ट्रेड अप्रेंटिस के लिए ऑनबोर्डिंग कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन–ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में किया गया। एनएपीएस योजना के अंतर्गत अब तक 217 ट्रेड अप्रेंटिस भिलाई इस्पात संयंत्र से जुड़ चुके हैं। वर्तमान बैच में 113 अप्रेंटिस ने विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में प्रशिक्षण हेतु जॉइन किया है। इनमें इलेक्ट्रिशियन (स्टील प्लांट), मशीनिस्ट, मैकेनिक (मोटर व्हीकल), मैकेनिक डीजल, मैकेनिक रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग, टर्नर, कारपेंटर, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (सीओपीए), ड्राफ्ट्समैन (सिविल), ड्राफ्ट्समैन (मैकेनिकल), मोल्डर (रिफ्रैक्टरी) तथा कार्डियोलॉजी, पैथोलॉजी, फिजियोथेरेपी एवं रेडियोलॉजी से संबंधित मेडिकल लैबोरेटरी तकनीशियन ट्रेड शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में अन्य चयनित अप्रेंटिस की ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया भी जारी रहेगी। ऑनबोर्डिंग सत्र के दौरान अप्रेंटिस को संयंत्र की उत्पादन प्रक्रियाओं, विभागीय कार्यप्रणाली, कार्यस्थल सुरक्षा व्यवस्था तथा संगठनात्मक संस्कृति के बारे में व जानकारी दी गई। अधिकारियों ने प्रशिक्षण अवधि के दौरान तकनीकी दक्षता, अनुशासन, सुरक्षित कार्य व्यवहार एवं सतत सीखने के महत्व पर बल दिया।

## समाज इवेंट

# जनकवि भगवती सेन की कविताओं का किया पाठ, दी श्रद्धांजलि



**भिलाई।** अगासदिया परिसर आमदी नगर में छत्तीसगढ़ के जनकवि भगवती सेन की जन्म जयंती पर वैचारिक गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि भगवती सेन मजदूरों के हितों के लिए लड़ने वाले संगठनकर्ता थे। उनका जन्म 23 मई 1930 कोके पास स्थित गांव देमार में एक श्रमिक परिवार में हुआ। उन्होंने गरीब मजदूर किसान और शोषितों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उनकी कविताएं आज भी प्रासंगिक है। आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि भगवती सेन की रचनाएं विद्यार्थियों को पढ़ाई जाती हैं। वे खुद कम पढ़े लिखे थे। मगर उनकी कविताएं पाठ्यक्रम मे हैं। धमतरी एक छोटा सा शहर नारायण लाल परमार भगवती सेन, त्रिभुवन पाण्डे, डॉ. सुरेश देशमुख और सरदार सुरजीत नवदीप की साधना के दम पर देश भर में चर्चित बना। भगवती सेन लोकप्रिय कवि थे। हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी में वे लगातार लिखते रहे। विशिष्ट अतिथि मुनीलाल निषाद ने कहा कि भगवती सेन श्रमिक कवि और प्रेरक व्यक्तित्व थे। कार्यक्रम में साहित्यकार डॉ. रजनी नेलसन और हिन्दी और छत्तीसगढ़ी लेखक बद्री प्रसाद पारकर ने भगवती सेन की कविताओं का पाठ किया। दोनों ने उनकी रचनाओं पर विचार भी प्रगट किया। साहित्यकार अब्दुल कलाम, श्याम लाल साहू, राम लाल शर्मा, स्मिता वर्मा, नीतीश कुमार वर्मा सहित विभिन्न क्षेत्रों के उपस्थित जनों ने कवि भगवती सेन को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अरुण अग्रवाल ने मंच संचालन किया और स्मिता वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

---

### जीएच रायसोनी स्मृति रैपिड शतरंज में 51 हजार के बांटे गए पुरस्कार, अंत तक बना रहा रोमांच

# शतरंज की बिसात पर चला दिमागी खेल, 168 खिलाड़ी हुए आमने-सामने, निर्णय क्षमता से राहुल बने चैंपियन

भिलाई। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा रायसोनी स्पोर्ट्स एवं कल्चर फाउंडेशन तथा कल्पना प्रकाश वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित एक दिवसीय जी.एच. रायसोनी स्मृति दुर्ग संभाग रैपिड शतरंज स्पर्धा जलाराम सांस्कृतिक भवन, सिविल लाइन दुर्ग में सुबह उद्घाटन से लेकर शाम पुरस्कार वितरण तक पूरे जोश के साथ संपन्न हुई। दुर्ग संभाग के 168 खिलाड़ियों के बीच चली दिमागी जोर आजमाइश में दुर्ग के राहुल शर्मा 7 में से 6.5 अंक लेकर विजेता बने, जबकि राजनांदगांव के शालिक नवाज मनिहार भी 6.5 अंक के साथ उपविजेता रहे।



शतरंज धैर्य, निर्णय क्षमता और बुद्धिमत्ता का खेल

सुबह कार्यक्रम का शुभारंभ लोहाणा महाजन समाज के अध्यक्ष राजेश राजा के मुख्य आतिथ्य, समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा की अध्यक्षता और हेमचंद यादव विवि के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप व इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन के विशिष्ट आतिथ्य में दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि राजेश राजा ने कहा कि शतरंज धैर्य, निर्णय क्षमता और बुद्धिमत्ता का संगम है। कैलाश जैन ने कहा कि ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को राज्य-राष्ट्रीय स्तर का मंच देते हैं। अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने स्वागत भाषण दिया और सचिव तुलसी सोनी ने संचालन किया। दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों के बाद शाम को समापन एवं पुरस्कार वितरण हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी विजय अग्रवाल, अध्यक्ष कैलाश जैन बरमेचा और विशिष्ट अतिथि पूनम राजा, दाऊ चंद्रिकादत्त चंद्राकर, इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगड़े व रॉकी देवांगन ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। इस दौरान विजेता राहुल शर्मा को 11 हजार नगद व ट्रॉफी, उपविजेता शालिक नवाज को 7 हजार व ट्रॉफी दी गई। कुल 51 हजार की नगद राशि के अलावा ट्रॉफी, मोमेंटो, मेडल व ई-सर्टिफिकेट बांटे गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विजय अग्रवाल ने कहा कि शतरंज दिमागी कौशल के साथ अनुशासन, धैर्य, संयम और रणनीति बनाना सिखाता है। इससे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। उन्होंने विक्रम अवार्डी किरण अग्रवाल का उदाहरण दिया। कैलाश जैन बरमेचा ने आयोजन की सराहना करते हुए लोगों से ऐसे आयोजनों में सहभागिता की अपील की।





### कौन-कहां रहा अव्वल बने विजेता

शतरंज स्पर्धा में विजेता राहुल शर्मा को 11 हजार नगद व ट्रॉफी, उपविजेता शालिक नवाज को 7 हजार व ट्रॉफी दी गई। तृतीय स्पर्श खंडेलवाल राजनांदगांव 5 हजार, चौथे स्थान पर अभिनव सिंह राजपूत भिलाई 3 हजार, पांचवे स्थान पर मुकेश ठाकुर कबीरधाम 2 हजार, छठे से दसवें स्थान पर दिवस कुमार विश्वास, शुभम सिंह, ईशान सैनी, अंशुल उप्पल, दीपक साहू दुर्ग विजेता रहे, इन्हें 15 सौ रुपए की राशि प्रदान की गई। 11वें से 15वें स्थान पर अरुणभ दास, अंगारापु बाबू, राशि वरूडकर, बटुकों पूजन, आयुष वैष्णव रहे, इन्हें 11 सौ रुपए दिए गए। साथ ही स्पेशल प्राइज बेस्ट महिला इशिका मड़के दुर्ग, बेस्ट दुर्ग खिलाड़ी गुणवंत साहू, बेस्ट वरिष्ठ रतिंद्र ठाकुर दुर्ग, बेस्ट दिव्यांग श्रीहरि मानपुर मोहला को पुरस्कृत किया गया। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक रॉकी देवांगन रहे। तकनीकी टीम में अनिल शर्मा, मुदिता पांडे, आशुतोष चावरे, दिव्यांशु उपाध्याय, विक्रम सिंह, चंदन विश्वकर्मा शामिल थे। आयोजन में दिनेश जैन, गुलाब चौहान, छाया नोर्गे, मोनिका शर्मा, अंजली टोप्पो, अजय साहू का विशेष योगदान रहा। जिला शतरंज संघ अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि यह प्रतियोगिता क्षेत्र में शतरंज को बढ़ावा देने और नई प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई थी, जिससे काफी खिलाड़ियों को मौका और मंच मिला है।

---

## दुर्ग पुलिस का जनमित्र अभियान

# भाई, बेटे और पति को हेलमेट पहनाने 300 महिला कमांडो ने लिया संकल्प



**भिलाई।** सड़क सुरक्षा, साइबर ठगी और नशा मुक्ति को लेकर दुर्ग पुलिस के जनमित्र अभियान के तहत ग्राम दारगांव क्षेत्र में दो जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। दारगांव में पद्मश्री शमशाद बेगम और महिला कमांडो दल ने हेलमेट अनिवार्यता का संदेश दिया, वही कोतवाली में सुशासन बिहार के दौरान जनजागरूकता पंडाल लगाकर नागरिकों को यातायात नियम, साइबर अपराध और महिला सुरक्षा के प्रति सचेत किया गया। ग्राम दारगांव में आयोजित कार्यक्रम में पद्मश्री शमशाद बेगम ने 300 महिला कमांडो को संबोधित करते हुए कहा कि हर परिवार में सबसे पहले भाई, बेटे और पति को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने महिला कमांडो से अपने गांवों की मुख्य सड़कों पर रोज दो घंटे हेलमेट जागरूकता चलाने की अपील की। शमशाद बेगम ने बताया कि उनके प्रयासों से बालोद के बोरी पंचायत गुंडरदेही और सिड्डी पंचायत में नागरिक पूर्ण रूप से हेलमेटधारी हो चुके हैं। अब दुर्ग जिले के सभी गांवों में भी यह अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने दुर्ग पुलिस के जनमित्र अभियान की सराहना की। एसडीओपी धमधा डॉ. चित्रा वर्मा ने साइबर अपराध के तरीकों की जानकारी दी। गलत फोटो-वीडियो से धमकी, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी और एपीके फाइल से फ्रॉड के बारे में बताया। साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने को कहा। थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ध्रुव ने नशा मुक्ति हेल्पलाइन 1933 की जानकारी दी और कहा कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रहेगी। यातायात समस्या के लिए हेल्पलाइन 1033 पर सूचना देने की अपील की। वहीं थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र में सुशासन तिहार कार्यक्रम में लगे पंडाल में नागरिकों को यातायात नियम, साइबर अपराध और महिला संबंधी अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में लोगों ने सुरक्षा सुझाव लिए। दुर्ग पुलिस ने अपील की है कि हेलमेट-सीट बेल्ट का उपयोग करें और साइबर ठगी, नशा या संदिग्ध गतिविधि की सूचना हेल्पलाइन 1930, 1933, 1033 पर दें।

## राजभाषा कार्यशाला आयोजित

# हिंदी में काम करने पर आने वाली कठिनाइयों का बताया समाधान



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के वित्त एवं लेखा विभाग में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रवीन निगम, कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से हिंदी में काम करने में आने वाली कठिनाई का समाधान बताया जाता है। हमारा दायित्व है कि हम जो भाषाएं जानते हैं, उन सभी भारतीय भाषाओं को व्यवहार में रखें। विभागीय कार्यों के लिए नोटशीट आदि में जहां तक संभव हो हिंदी में ही लिखें। जब भी कार्यालयीन कार्यों के लिए कलम उठाएं या टायपिंग करें, हिंदी का ही उपयोग करें। हमें हर दिन हिंदी का प्रयोग करना है। हिंदी में सभी कार्यालयीन कार्य हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमारा संयंत्र हिंदी भाषी क्षेत्र में स्थित है, सभी कार्मिक हिंदी में वार्तालाप करते हैं, जिससे हिंदी से हमारी कार्यदक्षता बढ़ती है। राजीव कुमार, महाप्रबंधक संपर्क, प्रशासन व जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा ने कहा कि हिंदी के प्रयोग में वित्त एवं लेखा विभाग की सहभागिता सराहनीय है। महाप्रबंधक रजत रंजन जाना, प्रकाश कोलकोंडी, चन्द्रलता चन्द्राकर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। जितेन्द्र दास मानिकपुरी, उप प्रबंधक संपर्क व प्रशासन राजभाषा ने हिंदी में काम करने की शपथ दिलाई और ऑनलाइन वॉइस टायपिंग का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में हिंदी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। हिंदी भाषा में सही वर्तनी के साथ विरुद्धार्थी शब्द विलोम शब्द लिखने पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता प्रथम पूजा सिंह, द्वितीय अरुण कुमार बंसल, उप महाप्रबंधक, तृतीय खोमेश्वरी गंजीर, प्रोत्साहन पुरस्कार विजेता प्रतीक देशलहरा, आनंद कुमार तिवारी, अमृता गंगराडे को पुरस्कृत किया गया।

---

### राममय हुआ अग्रसेन भवन, 75 साल के अटूट बंधन का जश्न, राम कथा से गूंजा दुर्ग

# कलश यात्रा से शुरू हुई कथा, सुंदरकांड में झूमे भक्त, श्याम भजन और बंटा महाप्रसादी



**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** अग्रवाल समाज में इस सप्ताह आस्था, संस्कार और प्रेरणा का संगम दिया। अग्रसेन भवन, दुर्ग में चल रही श्री राम कथा में भक्ति की ऐसी सरिता बही कि पूरा वातावरण जय सियाराम के जयकारों से गूंज उठा। समाज के सदस्य श्रवण कुमार अग्रवाल, नटवरलाल और जगदीश प्रसाद के माता-पिता गणपति देवी एवं शिव प्रसाद अग्रवाल की 75वीं वैवाहिक वर्षगांठ परिवार ने श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाने के लिए राम कथा का आयोजन कराया है। पूरे आयोजन में भक्ति के साथ पारिवारिक एकता की मिसाल भी देखने को मिली।



### सुंदरकांड में हनुमान की महिमा का वर्णन सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

कथा का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ, जिसमें परिवार सहित समाज की सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर पूरे उल्लास के साथ भाग लिया। कथा वाचक किशोरी सुमन मिश्रा अपनी मधुर और ओजस्वी वाणी से प्रतिदिन भक्तों को राम कथा का रसपान करा रही हैं। सुंदरकांड प्रसंग में हनुमान की महिमा का वर्णन सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। राम जन्म, केवट प्रसंग, भारत मिलाप, सीता स्वयंवर, राम-जानकी विवाह से लेकर लंका दहन और रावण वध तक की कथा का श्रद्धालु बड़ी तन्मयता से श्रवण कर रहे हैं। आयोजन के तहत शनिवार को राम कथा का विधिवत विश्राम हुआ। 24 मई को यानी आज रानी सती दादी का मंगल पाठ और 25 मई को भव्य श्याम भजन संध्या के साथ विशाल महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है।

### हीरक जयंती पर समाज ने किया सम्मान

कथा स्थल पर अग्रवाल समाज द्वारा विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समाज के वरिष्ठ संरक्षक कमल नारायण रुंगटा, विजय अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल ने गणपति देवी एवं शिव प्रसाद अग्रवाल को शाल, श्रीफल एवं गुलाब के फूलों का हार पहनाकर सम्मानित किया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष ललित सक्सेरिया, महासचिव प्रहलाद रुंगटा, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग ने अभिनंदन पत्र भेंट करते हुए कहा कि शिव प्रसाद दंपति हमारे समाज के लिए एक जीवंत प्रेरणा हैं। आज के दौर में 75 वर्ष तक दांपत्य जीवन को प्रेम, समर्पण और आपसी समझ के साथ निभाना कलयुग में राम-सीता के आदर्शों को चरितार्थ करता है। महिला मंडल की प्रीति राजगढ़िया, तृप्ति अग्रवाल एवं वंदना गुप्ता ने पुष्प गुच्छ भेंट कर दंपति का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि यह जोड़ी नई पीढ़ी को रिश्तों की मजबूती का संदेश देती है।समाजजन रहे बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी गौरी शंकर अग्रवाल, विमल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, मीडिया प्रमुख मनोज अग्रवाल, अमूल बंसल, सतीश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीराम चंद्र अग्रवाल असम से और सुरेश अग्रवाल मौरवी, गुजरात से सपरिवार शामिल हुए हैं। महेश, सत्यनारायण, पवन कुमार, राजकुमार, निखिल, लक्की, सौरव, शुभम सहित सभी सदस्य पूरे समर्पण के साथ सेवा कार्यों में लगे हैं और रामकथा का लाभ ले रहे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-16 में बिलासपुर की टीम फाइनल में



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल के चौथे एवं अंतिम दिन रोमांचक मुकाबले हुए। धमतरी में हुए मैच में टीम बिलासपुर विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) का परिणाम ड्रॉ रहा। पहली पारी की बढ़त के आधार पर बिलासपुर की टीम फाइनल में पहुंची। बल्लेबाजी में बीसीए पहली पारी 155 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बिलासपुर पहली पारी में 536 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीसीए ने दूसरी पारी में अपने कल के स्कोर एक विकेट पर 46 रन से आगे खेलते हुए पांच विकेट पर 159 रन बनाएं इस प्रकार मैच का परिणाम ड्रॉ रहा। बिलासपुर की टीम पहली पारी के बढ़त के आधार पर फाइनल में पहुंची।

### रॉयल स्ट्राइकर की 70 रन से जीत



**भिलाई।** इस्पात क्लब द्वारा आयोजित इस्पात सुपर प्रो सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के अंतर्गत खेले गए मैच में रविवार को शानदार मुकाबला हुआ। मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में टीम रॉयल स्ट्राइकर विरुद्ध अनजानेय ब्लास्टर में परिणाम रॉयल स्ट्राइकर ने 70 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच एसके महतो रहे। दूसरा मैच शिव-11 विरुद्ध अनजानेय ब्लास्टर में हुआ। परिणाम में शिवा -11 ने 75 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ़ द मैच एस टी हरि, मैच के अंपायर हरप्रीत सिंह, मोहम्मद दाऊद अंसारी, सुनील कुमार डड़सेना एवं पियूष साहू, स्कोरर विवेक सिंघम एवं वीरेंद्र रहे। यह जानकारी प्रतियोगिता के आयोजक अरविंद सिंह ने दी।

### अवि खेलेंगे जूनियर एशिया कप हॉकी में

**रायपुर।** बिलासपुर के अवि मानिकपुरी का



चयन अंडर-18 जूनियर्स एशिया कप हॉकी के लिए भारतीय टीम में हुआ है। इस बार जापान में यह प्रतिष्ठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट 29 मई से 6 जून तक खेला जाएगा। अवि ने बिलासपुर के गलीमैदानों से शुरुआत की जहाँ अभाव था। आज वह जापान की विश्वस्तरीय सुविधाओं वाले मैदानों में भारत की जर्सी पहनकर खेलेंगे। इस यात्रा में छत्तीसगढ़ हॉकी संगठन के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, महासचिव डॉ. मनीष श्रीवास्तव, रोहित बाजपेयी प्रेसिडेंट हॉकी बिलासपुर, कोच राजेश हेनरी, हरिशंकर हेटा, मृणाल चौबे, अनुराग श्रीवास्तव, अमिताभ मानिकपुरी, धनीराम यादव, रवि पारिख, सोनू सिंह आदि का मार्गदर्शन और सहयोग अवि को प्राप्त हुआ।

### एशियन गेम्स में कुराश खेल के ट्रायल में शामिल हुए आदित्य



**रायपुर।** जापान में आयोजित होने वाले एशियन गेम्स में कुराश खेल के भारतीय टीम के ट्रायल पुणे में 10 से 15 मई तक आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के आदित्य सिंह ठाकुर बतौर निर्णायक उपस्थित हुए। आदित्य पहले भी वर्ल्ड कुराश चैंपियनशिप 2016, सीनियर एशियन कुराश चैंपियनशिप 2017, साउथ एशियन कुराश चैंपियनशिप 2024 में बतौर निर्णायक भाग ले चुके है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ओलिम्पिक एसोसिएशन के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया, शरद शुक्ला, प्रशांत सिंह रघुवंशी, बैजनाथ गुप्ता नीलेश यादव पूनम अहीर, वर्षा मिरी, गौतम मिरी, सुकलाल यदु, जगदीश चौधरी, आशीष यादव , समीर घृतेश और रमा टण्डन ने बधाई दी है।

## दुनिया भर में हर 300 में से एक को सिजोफ्रेनिया की आशंका

# बना रहता है भ्रम और सुनाई देती हैं डरावनी आवाजें सिजोफ्रेनिया खतरनाक तरीके से पसार रहा अपने पांव

सिजोफ्रेनिया एक दीर्घकालिक और गंभीर मानसिक बीमारी है जिसमें व्यक्ति को भ्रम बना रहता है। ये बीमारी आपके मस्तिष्क के काम करने के तरीके को प्रभावित कर देती है।

मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं दुनियाभर में गंभीर चिंता का कारण बनी हुई हैं। हम सभी अपने शारीरिक स्वास्थ्य पर तो ध्यान देते रहते हैं पर मेंटल हेल्थ को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। पर क्या आप जानते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधित कई समस्याएं काफी गंभीर हो सकती हैं?

सिजोफ्रेनिया ऐसी ही एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य की समस्या है, जो दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है। आंकड़ों से पता चलता है कि दुनियाभर में लगभग 24 मिलियन (2.4 करोड़) लोग या 300 में से 1 व्यक्ति को सिजोफ्रेनिया की दिक्कत हो सकती है। सिजोफ्रेनिया एक दीर्घकालिक और गंभीर मानसिक बीमारी है जिसमें व्यक्ति को वास्तविकता की धारणा में भ्रम होता है। ये व्यक्ति के व्यवहार, मानसिक स्थिति, सोचने-समझने की क्षमती सभी को प्रभावित कर सकती है।

विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस हर साल की तरह इस साल भी 24 मई को मनाया गया। इस साल भी



देश और दुनिया में शनिवार को जनजागरुकता के कई कार्यक्रम हुए। इसका उद्देश्य इस गंभीर मानसिक रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रोगियों की सहायता में सुधार करने पर ध्यान देना होता है।

### सिजोफ्रेनिया और इसका खतरा

कल्पना कीजिए कि आप एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं जहां हर आवाज पर शक होता हो, हर चेहरा अजनबी लगता हो और खुद की सोच भी परायी लगने लगती हो। सिजोफ्रेनिया वास्तव में यही है। सिजोफ्रेनिया का आपके शारीरिक और मानसिक दोनों स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ये



बीमारी आपके मस्तिष्क के काम करने के तरीके को प्रभावित कर देती है परिणामस्वरूप रोगियों के लिए दैनिक जीवन के कार्य भी काफी कठिन हो जाते हैं।

### सिजोफ्रेनिया होने के कारण क्या हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि सिजोफ्रेनिया बीमारी किसी एक कारण से नहीं होती, बल्कि इसके लिए कई जैविक, आनुवंशिक और पर्यावरणीय कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। अगर परिवार में किसी को सिजोफ्रेनिया की दिक्कत रही है, तो इससे अन्य लोगों में भी होने की आशंका बढ़ जाती है। अध्ययनों से पता चलता है कि डोपामिन और ग्लूटामेट जैसे न्यूरोट्रांसमीटर का असंतुलन मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को बिगाड़ सकता है, इसके कारण भी सिजोफ्रेनिया होने का खतरा बढ़ जाता है। गर्भावस्था या प्रसव के दौरान संक्रमण, ऑक्सीजन की कमी, या पोषण की कमी से दिमागी विकास पर असर पड़ सकता है।बचपन में भावनात्मक आघात, अकेलापन, गरीबी या सामाजिक अलगाव भी सिजोफ्रेनिया को ट्रिगर कर सकती है।



### सिजोफ्रेनिया में क्या दिक्कतें होती हैं?

सिजोफ्रेनिया आपके जीवन को कई प्रकार से प्रभावित करने वाली हो सकती है। मतिभ्रम होना सिजोफ्रेनिया का सबसे आम लक्षण है। इससे प्रभावित लोगों को भ्रम और डर बना रह सकता है, रोगी उन चीजों को भी वास्तविक मानने लग जाते हैं जो असल में होती ही नहीं हैं। रोगी को ऐसा लग सकता है जैसै कोई मेरा पीछा कर रहा है, मुझे मारने का प्रयास किया जा रहा है आदि। आपको लग सकता है कि कोई आपके सोचने, बोलने या कार्य करने को नियंत्रित कर रहा है। बोलते समय आपको अपने विचारों को व्यवस्थित करने में परेशानी हो सकती है।अक्सर नकारात्मक विचार मन को परेशान करते रह सकते हैं, जिससे जीवन काफी कठिन हो जाता है। सिजोफ्रेनिया मानसिक स्वास्थ्य की गंभीर स्थिति है जिसका समय पर इलाज कराना जरूरी है। अगर आपको घर में किसी व्यक्ति में सिजोफ्रेनिया जैसे लक्षण दिख रहे हैं तो जल्द से जल्द मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ के पास ले जाएं।



## यूरिक एसिड बढ़ने का कारण हो सकती हैं आपकी कुछ आम गलतियां

यूरिक एसिड का स्तर नियंत्रित रखने के लिए खानपान और जीवनशैली में बदलाव अत्यंत आवश्यक है। आइए जानते हैं कि किन चीजों के कारण आपका यूरिक एसिड बढ़ सकता है और इसे कैसे कंट्रोल किया जाए?

यूरिक एसिड का स्तर बढ़ना आजकल एक आम समस्या बन चुकी है। अगर इसे समय रहते नियंत्रित न की जाए, तो इसके कारण गठिया, किडनी स्टोन और अन्य स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, खान-पान में गड़बड़ी के कारण यूरिक एसिड की दिक्कत बढ़ती जा रही है, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधान हो जाना चाहिए।

यूरिक एसिड का स्तर नियंत्रित रखने के लिए खानपान और जीवनशैली में बदलाव अत्यंत आवश्यक है। रेड मीट, सीफूड, अल्कोहल और मीठे पेय से दूरी बनाकर, स्वस्थ और पौष्टिक खानपान की आदत बना ली जाए तो इस समस्या से बचाव किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि किन चीजों के कारण आपका यूरिक एसिड बढ़ सकता है और इसे कैसे कंट्रोल किया जाए?

### पहले यूरिक एसिड के बारे में जान लीजिए

यूरिक एसिड शरीर में पाए जाने वाले प्यूरिन नामक तत्व के



ब्रेकडाउन से बनता है। प्यूरिन प्राकृतिक रूप से शरीर की कोशिकाओं में और कुछ खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। जब शरीर में प्यूरिन की मात्रा बढ़ जाती है, तो ये ठीक से बाहर नहीं निकल पाती है और जमा होने लगती है। समय पर इस समस्या पर ध्यान न दिया जाए तो आप मुश्किल में फंस सकते हैं। यूरिक एसिड को कंट्रोल रखने के लिए कुछ चीजों से दूरी बनाना या इनका सेवन कम करना चाहिए।

### रेड मीट और सी फूड नुकसानदायक

रेड मीट वैसे तो प्रोटीन का अच्छा स्रोत है पर इसका अधिक सेवन कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकता है। एक अध्ययन के अनुसार, रेड मीट का अधिक सेवन करने वालों में यूरिक एसिड और गाउट की आशंका अधिक पाई गई। इसी तरह झींगे, टूना और मैकेरल जैसे समुद्री मछलियों में भी उच्च मात्रा में प्यूरिन पाया जाता है। हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की एक अध्ययन ने पाया कि नियमित रूप से सीफूड का सेवन करने से भी यूरिक एसिड का स्तर बढ़ता है।

### शराब के कई सारे नुकसान

शराब को संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है, इससे यूरिक एसिड बढ़ने का भी खतरा रहता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग अक्सर अल्कोहल, विशेषकर बीयर पीते हैं, उनमें गाउट का खतरा लगभग दोगुना अधिक होता है। शराब से दूरी बनाना कई प्रकार के कैंसर और फेफड़ों की बीमारियों से बचाव के लिए भी जरूरी है।

### ये चीजें भी हानिकारक

कोल्ड ड्रिंक, सोडा जैसे ड्रिंक्स भी शरीर में प्यूरिन के निर्माण को तेज कर सकते हैं। जामा जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि फ्रुक्टोज का अधिक सेवन यूरिक एसिड के स्तर को तेजी से बढ़ाता है। ज्यादा प्रोसेस्ड फूड और फास्ट फूड जैसे चिप्स-बिस्कुट, इंस्टेंट नूडल्स में ट्रांस फैट्स और रिजर्वेटिव्स होते हैं, जो मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करते हैं और यूरिक एसिड बढ़ा सकते हैं। मोटापा और शारीरिक गतिविधियों की कमी से शरीर से यूरिक एसिड का उत्सर्जन कम हो जाता है।



## छत्तीसगढ़ के प्रतीक स्विटजरलैंड में लेंगे साइकिलिंग का सर्वोच्च प्रशिक्षण

**भिलाई।** साइकिलिंग खेल से जुड़े युवा प्रशिक्षक प्रतीक मनोध्या का चयन विश्व साइकिलिंग के सर्वोच्च एवं सबसे प्रतिष्ठित कोचिंग कार्यक्रम यूसीआई लेवल-3 कोचिंग कोर्स हेतु किया गया है। यह प्रशिक्षण यूनियन साइकिलिस्ट इंटरनेशनल के मुख्यालय एगल, स्विट्जरलैंड में आयोजित किया जा रहा है। साइकलिंग एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार यह जानकारी देते हुए बताया कि साइकिलिंग कोचिंग के क्षेत्र में इसे विश्व का सर्वोच्च कोर्स माना जाता है, इससे बड़ा कोचिंग कोर्स इस खेल में नहीं होता।

उन्होंने बताया कि प्रतीक मनोध्या ने स्वयं राष्ट्रीय स्तर पर साइकिलिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी पहचान बनाई है। इसके पश्चात उन्होंने नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स पटियाला से साइकिलिंग कोचिंग में डिप्लोमा प्राप्त कर कोचिंग क्षेत्र में कदम रखा। वर्ष 2023 से वे साइकलिंग एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ के साथ जुड़कर भिलाई एवं छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को लगातार प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ साइकलिंग खेल संघ द्वारा उन्हें विगत तीन वर्षों से आज पर्यंत मानदेय पर रखा गया है।

सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बीच भी उन्होंने खिलाड़ियों को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण, अनुशासन एवं उच्च स्तरीय तैयारी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे, उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथ खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित खेल अकादमियों में हुआ। खेल जगत में यह बात विशेष रूप से चर्चा का विषय रही है कि उन्होंने कई खिलाड़ियों को



"जीरो से हीरो" बनाने का कार्य किया और नई प्रतिभाओं को पहचान दिलाई।

उनकी मेहनत, समर्पण, तकनीकी ज्ञान एवं खिलाड़ियों को लगातार बेहतर मंच दिलाने के प्रयासों को देखते हुए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं भारत सरकार द्वारा उन्हें विश्व के सर्वोच्च कोचिंग कोर्स यूसीआई लेवल-3 कोचिंग कोर्स हेतु चयनित कर स्विट्जरलैंड भेजा गया है।

साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु द्विवेदी, बी. एस. पी. साइकिलिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर, बी .एस .पी . साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह,सह प्रशिक्षक देवप्रकाश वर्मा एवं शशांक देशमुख तथा राज्य साइकलिंग संघ के पदाधिकारियों खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने प्रतीक मनोध्या को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## अंतर्राष्ट्रीय बॉडी बिल्डर रेफरी राव निलंबित, अरविंद को दी जिम्मेदारी

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय बॉडी बिल्डर रेफरी बी राजशेखर राव को छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डर एसोसिएशन ने सभी पदों से एवं बॉडी बिल्डिंग की सभी खेल गतिविधियों से आगामी आदेश तक निलंबित कर दिया है। सीबीआई द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर उन्हें रिश्वत लेते पकड़ा गया गया था और



न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डर एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र कुमार टेकाम की अध्यक्षता में रविवार को एग्जीक्यूटिव बॉडी की बैठक भिलाई में हुई। जिसमें बी. राजशेखर राव को छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सभी पदों एवं बॉडी बिल्डिंग खेल के सभी क्रियाकलापों से आगामी आदेश तक निलंबित कर दिया गया। इंडियन बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद सिंह को एग्जीक्यूटिव कमेटी ने महासचिव पद के कार्यों का प्रभार सौंप दिया है। इस आपातकालीन बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र कुमार टेकाम के अलावा इस महत्वपूर्ण बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर कबीरधाम कार्यकारिणी सदस्य रमेश हिरवानी धमतरी, सुमित विश्वास कोरबा,मोहम्मद सलीम जांजगीर-चांपा, नाहिद खान राजनांदगांव, दुर्गा प्रसाद दुबे भिलाई, एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष तुलसी प्रसाद सोनी व बिलासपुर से सुभाष कुमार वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा बैठक में उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र कुमार टेकाम ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक की संपूर्ण जानकारी जल्द ही इंडियन बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन के अध्यक्ष एवं महासचिव को प्रेषित कर दी जाएगी।

कार्नर न्यूज

## छुट्टियों में बच्चों को सामाजिक तौर पर भी करें मजबूत

# बच्चे को लेकर जा रहे हैं रिश्तेदारों के घर, रिश्तों की अहमियत के साथ उन्हें सिखाएं कुछ जरूरी बातें

इन दिनों ज्यादातर स्कूलों में बच्चों की गर्मियों की छुट्टियां चल रही हैं। ऐसे में लोग अपने बच्चों के साथ घूमने निकलते हैं। बहुत से लोग बच्चों की छुट्टियों में अपने रिश्तेदारों से मिलने जाते हैं। अगर आप भी आगामी छुट्टियों में बच्चों के साथ रिश्तेदारों के घर जाने का सोच रहे हैं, तो कुछ बातें जरूर ध्यान में रखें। दरअसल, हर माता-पिता ये चाहते हैं, कि उनका बच्चा बचपन से ही समझदार बने और उसकी वजह से उन्हें कहीं पर भी शर्मिंदा न होना पड़े। ऐसे में हर पैरेंट्स अपने बच्चे को बचपन से ही अच्छी बातें सिखाते हैं। खाने-पीने से लेकर उठने-बैठने तक के लिए बच्चे को तमीज सिखाई जाती है, लेकिन बहुत से माता-पिता इन बातों पर ध्यान नहीं देते। जिस वजह से बच्चे काफी जिद्दी हो जाते हैं, और रिश्तेदारों के सामने वो अपने माता-पिता को शर्मिंदा कर देते हैं। आपको कुछ ऐसी बातों के बारे में जानना चाहिए, जो आप अपने बच्चे को जरूर सिखाएं।

### किसी का सामान लेने से पहले पूछना

ज्यादातर बच्चे जब किसी के घर



जाते हैं, तो लोगों का मोबाइल बिना पूछे ले लेते हैं। फोन के अलावा कई बार को वो लोगों की पर्सनल चीजें भी बिना पूछे उठा लेते हैं। ऐसे में अपने बच्चे को अच्छी तरह से ये सिखाएं कि वो कभी बिना पूछे किसी का सामान न लें। अगर किसी ने मना किया है तो बार-बार लेने का पूछे भी नहीं।

### लोगों को धन्यवाद कहना

ये सबसे जरूरी बात होती है। हर बच्चे में ये आदत होनी ही चाहिए कि यदि कोई उन्हें कोई चीज दे रहा है तो सबसे पहले स्माइल करते हुए वो सामने वाले को धन्यवाद करें।

### सामान को वापस जगह पर रखना

बच्चे को पहले से ही ये सिखाएं कि अगर उसने किसी के घर पर कहीं से कुछ सामान देखने के लिए उठाया है, तो उसे वापस उसी जगह पर रखे। ऐसा करने पर लोग बच्चे की तारीफ करेंगे।

### ज्यादा जंक फूड को न कहना

अक्सर जब कोई मेहमान आता है तो लोग उन्हें ढेर सारे स्नैक्स और जंक फूड परोसते हैं। अगर आप भी कहीं जा रहे हैं, तो अपने बच्चे को ये सिखा कर जाएं कि वो ज्यादा जंक फूड न खाए और खुद से ही इसके लिए मना भी करे।

### किसी को उल्टा जवाब न देना

आजकल के बच्चे काफी चटक स्वभाव के होते हैं। ऐसे में कई बार वो अपने से बड़ों को भी उल्टा जवाब दे देते हैं। ऐसे में बच्चों को ये जरूर सिखाएं कि उन्हें अपने से बड़ों को कभी उल्टा जवाब नहीं देना चाहिए।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### लॉर्ड ऑफ द रिंग्स'के निर्देशक पीटर को मिला पाम डी'ओर अवॉर्ड



''लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' ट्रिलॉजी के लिए मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक पीटर जैक्सन को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल की ओपनिंग सेरेमनी में पाम डी'ओर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पीटर जैक्सन को ये अवॉर्ड 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' के अभिनेता एलिजा वुड ने प्रदान किया। पाम डी'ओर से सम्मानित होने के साथ ही पीटर जैक्सन इससे सम्मानित हस्तियों की सूची में शामिल होंगे, जिनमें एग्नेस वर्दा, मार्को बेलोचियो, जोडी फोस्टर, मेरिल स्ट्रीप और पिछले साल के विजेता रॉबर्ट डी नीरो शामिल हैं। इस अवॉर्ड को मिलने पर पीटर जैक्सन ने कहा कि मैं पाम डी'ओर जीतने वाला व्यक्ति नहीं हूं। अवॉर्ड जीतने के बाद अपने भाषण में सभी को धन्यवाद जताते हुए पीटर जैक्सन ने कहा कि ये वाकई मैजिकल है, क्योंकि मैं पाम डी'ओर जीतने वाली फिल्में नहीं बनाता। उन्होंने 2001 में कान फिल्म फेस्टिवल में 'द फेलोशिप ऑफ द रिंग' का 20 मिनट का एक छोटा सा वीडियो दिखाने के बारे में बात करते हुए कहा कि इससे फिल्म के प्रति लोगों की सोच बदल गई। जब फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई, तो लोगों में इसे लेकर एक ऐसी उत्सुकता पैदा हो गई जो कान फिल्म फेस्टिवल में न जाने पर पैदा नहीं होती।

'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द टू टावर्स' और 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द रिटर्न ऑफ द किंग' के साथ जारी इस ट्रिलॉजी ने कुल 17 ऑस्कर अवॉर्ड जीते, जिनमें से 11 'रिटर्न ऑफ द किंग' के लिए थे। डेडलाइन के अनुसार, इन फिल्मों ने दुनिया भर में लगभग 3 अरब अमेरिकी डॉलर की कमाई की।

## टॉलीवुड

### 'एनटीआरनील' की पहली झलक से पहले दर्शकों को मिला सरप्राइज



जूनियर एनटीआर की आगामी फिल्म 'एनटीआरनील' की पहली झलक एक्टर के जन्मदिन के मौके पर रिलीज होगी। इससे पहले मेकर्स ने उत्साहित दर्शकों को एक और सरप्राइज दिया है। फिल्म का नया स्टिल रिलीज हुआ है।

अभिनेता जूनियर एनटीआर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रशांत नील कर रहे हैं। फिलहाल, इसका टाइटल तय नहीं है और अस्थाई तौर पर इसे 'एनटीआरनील' कहा जा रहा है। इस फिल्म की पहली झलक का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर फर्स्ट लुक आ सकता है। मगर, इससे पहले एक स्टिल सामने आया है।

मेकर्स ने 'एनटीआरनील' का एक नया स्टिल साझा किया है। 'एनटीआरनील' के आधिकारिक एक्स अकाउंट से इसे साझा किया गया है। इसमें रेगिस्तानी इलाके की झलक है। जूनियर एनटीआर नजर आ रहे हैं। हालांकि, उनका चेहरा नहीं दिखा है, क्योंकि वे बैकसाइड से पोज देते दिखे हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'यह शांति ..... पहले की है'। बाकी आप जानते हैं कि खाली जगह में क्या भरना है'।

आज जारी हुए स्टिल को देखकर जूनियर एनटीआर के फैंस और नेटिजंस क्रेजी हो रहे हैं। कोई लिख रहा है, बॉक्स ऑफिस पर आंधी आने वाली है। तो कोई कह रहा है कि ब्लॉकबस्टर फिल्म आने वाली है। बता दें कि 20 मई को जूनियर एनटीआर का जन्मदिन है। इस मौके पर फिल्म का पहला लुक सामने आएगा। मेकर्स ने 19 मई की आधी रात को फिल्म की पहली झलक जारी की है। इसी के साथ इंडस्ट्री में इसकी अवधि को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि यह लॉन्च एसेट 3 मिनट से ज्यादा लंबा हो सकता है।

## भोजपुरी

### लॉन्च हुआ आम्रपाली की फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' का पोस्टर



भोजपुरी फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' का फर्स्ट लुक पोस्टर लॉन्च किया गया। इस फिल्म में भोजपुरी सिनेमा की स्टार आम्रपाली दुबे लीड रोल में हैं। 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में भोजपुरी सिनेमा ने भी अपना परचम लहराया है। इंटरनेशनल मंच पर 20 मई को भारत पवेलियन में भोजपुरी फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' का फर्स्ट लुक पोस्टर लॉन्च किया गया। इस खास मौके पर फिल्म के स्टार्स, मेकर्स और इंडस्ट्री की कई जानी-मानी हस्तियों की मौजूदगी ने कार्यक्रम की रौनक बढ़ा दी। अब इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर निशांत उज्जवल ने इस मौके को भोजपुरी सिनेमा के लिए गर्व और ऐतिहासिक का पल बताया। उन्होंने कहा कि कान्स जैसे बड़े इंटरनेशनल मंच पर फिल्म का पोस्टर लॉन्च करना भोजपुरी सिनेमा के लिए बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा, 'बीवी हो तो ऐसी सिर्फ एंटरटेनमेंट तक सीमित नहीं है, बल्कि ये महिलाओं से जुड़े अहम मुद्दे को अच्छे तरीके से दिखाने वाली फिल्म है।' 'बीवी हो तो ऐसी' के डायरेक्टर सोमभूषण श्रीवास्तव है। वहीं, इस फिल्म को रेणुविजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रा.लि। के बैनर तले प्रोड्यूस किया जा रहा है। इस फिल्म में भोजपुरी सिनेमा की स्टार आम्रपाली दुबे लीड रोल में हैं। वहीं, एक्टर विक्रांत सिंह भी फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। देव सिंह, रामसुजन सिंह, माया यादव, सुबोध सेठ, सबा खान, साहिबा, पल्लवी कोली, मनोज द्विवेदी और अवधेश मिश्रा जैसे एक्टर्स भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

## ज़ुल्फों की लाली

डिज़ाइनर कर्बी जीन-रेमंड ने मॉडल की जुल्फों को अपने एक्सपरिमेंट का अड्डा बना दिया। अपनी इस शानदार और विशाल रचना से उन्होंने फ़ैशन प्रेमियों को दीवाना बना दिया। बालों के अनगिनत रोलर्स से बनी केप जैसी आकृति से लेकर बेहद स्टाइलिश मखमली रोब तक— यह सब देखकर लोग बस देखते ही रह गए।



लाइफ

## हैवी नेकलेस की जगह स्टाइल करें मटर माला

अगर आपको भी सिंपल ज्वेलरी पहनना पसंद है, तो ऐसे में आप मटर माला के ट्रेंडी डिजाइंस को वियर कर सकती हैं, जिसे स्टाइल करके आपका लुक सुंदर नजर आएगा। साथ ही आप अच्छी लगेंगी।

ज्वेलरी पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए जब भी कुछ अलग वियर करने का मन करता है, तो हम नेकलेस सेट या इयररिंग्स को खरीदते हैं। इस बार आप हैवी ज्वेलरी की जगह सिंपल डिजाइन वाली मटर माला को स्टाइल करें। मटर माला पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही आपके लुक को अट्रैक्टिव बनाएगी। आइए बताते हैं किस तरह के डिजाइन वाली मटर माला को आप वियर कर सकती हैं।

### जाली वर्क डिजाइन मटर माला


आप पहनने के लिए इस तस्वीर में नजर आने वाली मटर माला को वियर कर सकती हैं। मटर माला पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही इससे आपका लुक भी खूबसूरत नजर आएगा।

### सिंगल चेन मटर माला

गले में पहनने के लिए आप सिंगल चेन मटर माला को वियर कर सकती हैं। मटर माला पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही इसे आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं।

### मल्टीकलर डिजाइन मटर माला

आप अपने लुक में चार चांद लगाने के लिए मल्टीकलर डिजाइन वाली मटर माला को वियर कर सकती हैं। मटर माला पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही इसे आप किसी भी तरह के आउटफिट्स के साथ वियर कर पाएगी। आपको इस तरह की मटर माला मार्केट में आसानी से मिल जाएगी, जिसे आप ट्राई कर सकती हैं।



### छोटे डिजाइन वाली मटर माला

आप आउटफिट के साथ वियर करने के लिए इस तस्वीर में नजर आने वाली मटर माला को वियर कर सकती हैं। इस तरह की मटर माला पहनने के बाद सुंदर लगती है। इसका छोटा डिजाइन इसे और अलग बनाता है। इसलिए आप इसे साड़ी या सूट किसी के भी साथ मैच करके वियर कर सकती हैं और सुंदर नजर आ सकती हैं। अगर आप कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं, तो तस्वीर में नजर आने वाली मटर माला को ट्राई कर सकती हैं।

इस तरह के डिजाइन वाली मटर माला में आपको थ्री लेयर का डिजाइन मिलेगा। हर एक लेयर में मटर आपको थोड़ी छोटी और कुछ बड़ी मिलेंगी। इससे माला का डिजाइन यूनिक और अट्रैक्टिव नजर आएगा। आप इसे भी ट्राई कर सकती हैं। आप लॉन्ग ज्वेलरी पहनना पसंद करती हैं, तो ऐसे में आप लॉन्ग डिजाइन वाली मटर माला को स्टाइल कर सकती हैं। मटर माला दिखने में जितनी अच्छी लगती है पहनने के बाद भी सुंदर नजर आती है।

## रेट्रो फैशन फिर उभरा स्टाइल आइकन बनकर





रेट्रो फैशन अब एक बार फिर स्टाइल आइकन बनकर उभरा है। रेट्रो फैशन बॉलीवुड की ग्लैमरस गलियों में छा गया है। बॉलीवुड अभिनेत्रियां इस बात का बेहतरीन उदाहरण हैं कि कैसे पुराना फैशन भी नए अंदाज में ट्रेंडी बन सकता है।



फैशन में सबसे दिलचस्प बात यह है कि ये समय के साथ घूमता है और पुराने दौर का स्टाइल फिर से ट्रेंड बन जाता है। 60 और 70 के दशक का रेट्रो लुक आज के दौर की कई बॉलीवुड अभिनेत्रियों के बीच बेहद लोकप्रिय हो गया है। चाहे वह हेडबैंड्स हों, पोल्का डॉट्स वाली ड्रेसेज हों या विंटेज आईलाइनर हो।

### रेट्रो लुक क्या है?

रेट्रो लुक उस दौर के फैशन को कहते हैं जो 1960s और 1970s के समय में ट्रेंड में था। इस दौर में फैशन में रंर बिरंगे कपड़े, बड़े सनग्लासेस, बेल-बॉटम्स, बफैंट हेयरस्टाइल और कैट आई मेकअप आम थे। इन फैशन एलिमेंट्स ने उस दौर की मुमताज, शर्मिला टैगोर, जीनत अमान, हेमा मालिनी जैसी अभिनेत्रियों को आइकॉनिक बना दिया था। आज की अभिनेत्रियों पर रेट्रो का असर सबसे ज्यादा है।



### आप कैसे अपनाएं रेट्रो लुक

पोल्का डॉट्स साड़ियों और ड्रेसेज में आज भी रेट्रो स्टाइल ट्रेंडिंग है। आप इस तरह के प्रिंट के आउटफिट को अपना सकती हैं। बेल बॉटम्स जीन्स और पैंट्स का फैशन फिर से आ गया है। ये आपको आसानी से रेट्रो लुक दे सकता है। हाई बन और बफैंट हेयरस्टाइल उस दौर की अभिनेत्रियों का रेट्रो लुक एलिमेंट हुआ करता थी। इसे कैरी करके रेट्रो लुक पा सकते हैं। कैट आई लाइनर और विंटेज आई मेकअप रेट्रो लुक को पूरा करने में मदद करता है। बड़े राउंड सनग्लासेस और हेयरबैंड्स से आप किसी थीम पार्टी में रेट्रो फैशन स्टाइल को अपना सकते हैं। 1970 का दशक किसी भी अन्य दशक से अलग था।

## पसीने की बदबू करती है परेशान तो ट्राई करें ये आसान से उपाय

पसीने की बदबू को आप सिर्फ परफ्यूम के इस्तेमाल से कंट्रोल नहीं कर सकते। इससे आपको और परेशानी हो सकती है। ऐसे में यदि आप भी पसीने की बदबू से परेशान हैं तो हमारे बताए गए घरेलू नुस्खों को आजमाकर देख लें। इन नुस्खों को ट्राई करके आप पसीने की बदबू से राहत पा सकते हैं।



### नींबू आएगा काम

यदि आपके अंडर आर्म्स से पसीने की बदबू काफी ज्यादा आ रही है तो नींबू आपके काम आ सकता है। इसके लिए नींबू को काटकर उसे अंडर आर्म्स में रगड़ें। नहाने से दस मिनट पहले इस नुस्खे को आजमाएं, और फिर नहा लें। हो सकता है कि नींबू आपको सूट न करें, ऐसे में ध्यान रखें कि यदि इसके इस्तेमाल के बाद त्वचा पर जलन हो रही है, या फिर इरिटेशन हो रही है तो इसे तत्काल प्रभाव से धो लें। यदि ये आपको सूट कर रहा है तो नहाने से पहले हर रोज नींबू का इस्तेमाल करके पसीने की बदबू से राहत पाएं।

### एप्पल साइडर विनेगर

सेब का सिरका खाने में तो काम आता ही है, पर क्या आप जानते हैं कि आप इसका इस्तेमाल पसीने की बदबू को दूर करने के लिए भी कर सकते हैं। ये शरीर के पीएच लेवल को संतुलित करने में मदद करता है और बैक्टीरिया को बढ़ने से रोकता है। इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं तो रुई की मदद से इसे अंडरआर्म्स पर लगाएं। इसका इस्तेमाल भी नहाने से ठीक 15 मिनट पहले करें। 15 मिनट बाद नहाकर इसे साफ कर लें। ये बैक्टीरिया को जड़ से खत्म करता है, जिस कारण बदबू कंट्रोल में रहती है।

## गर्मी से बेजान हो गई है त्वचा तो अपनाएं ये नुस्खे, खिल उठेगी आपकी स्किन

कौन नहीं चाहता कि उसकी त्वचा खिली-खिली रहे। लेकिन गर्मी के मौसम में चेहरा अपने आप डल होने लगती है। दरअसल, गर्मी में तेज धूप और पसीने से त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में स्किन का सही तरीके से ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है।


डल स्किन को हटाने के लिए वैसे तो महंगी-महंगी क्रीमें बाजार में मिलती हैं, लेकिन कई बार ये असर नहीं दिखातीं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपकी स्किन की खोयी हुई रंगत फिर से वापस आ जाएगी।

### एलोवेरा जेल लगाएं

गर्मी से त्वचा बेजान हो रही है तो एक बार पैच टेस्ट करने के बाद दिन में कम से कम दो बार एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। एलोवेरा त्वचा को ठंडक देता है, हाइड्रेट करता है और डलनेस दूर करता है। इसलिए आप बिना सोचे इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### आलू का रस

यदि गर्मी से चेहरे पर काले धब्बे और टैनिंग हो रही है तो उसके लिए आलू का रस आपकी मदद करेगा। इसके लिए आलू को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें और फिर उसे चेहरे पर अप्लाई करें।



### नींबू और शहद का फेसपैक

चेहरे की डलनेस को दूर करने के लिए इस पैक का इस्तेमाल किया जा सकता है। नींबू ब्लीचिंग का काम करता है और शहद त्वचा को मॉइस्चराइज करता है। ऐसे में सबसे पहले तो एक कटोरी में शहद लें। इसके बाद इसमें नींबू का रस मिक्स करें। दिन में बीच-बीच में गुलाब जल को चेहरे पर स्प्रे करते रहें। ये एक अच्छे टोनर के रूप में काम करता है। इसका इस्तेमाल आप सीटीएम रूटीन में भी फॉलो कर सकते हैं। गुलाब जल आपके चेहरे को हाइड्रेट भी रखेगा।

## कार्नर न्यूज

### काले रंग के कपड़े गर्मी के मौसम में अलग तरह से करें स्टाइल

## गर्मी में डार्क रंग के कपड़ों से बढ़ जाता है शरीर का तापमान, ऐसे स्टाइल करें ब्लैक आउटफिट

शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा होगा, जिसे ब्लैक रंग न पसंद हो। ये एक ऐसा रंग है, जिसे कभी भी, किसी भी मौके पर पहना जा सकता है। ब्लैक रग का आउटफिट अपने आप में ही रॉयल लुक देने का काम करता है। लेकिन गर्मी के मौसम में ब्लैक आउटफिट पहनने में काफी परेशानी आती है। दरअसल, गर्मी के मौसम में डार्क रंग पहनने से न सिर्फ और भी ज्यादा गर्मी लगती है, बल्कि घमौरियां होने की आंशंका भी काफी हद तक बढ़ जाती है। इसी कारण हम आपको गर्मी में ब्लैक आउटफिट को सही तरह से स्टाइल करने के टिप्स देंगे। इन टिप्स को फॉलो करके आप अपने लुक में बदलाव कर सकते हैं।

### फैब्रिक हो सही

अपने लिए ब्लैक आउटफिट खरीद रहे हैं, या उसे पहनने जा रहे हैं तो पहले ये देख लें कि इसका फैब्रिक गर्मी के मौसम के हिसाब से हो। गर्मी के मौसम मे आप कॉटन, लिनन या रेयॉन फैब्रिक के ब्लैक आउटफिट कैरी कर सकते हैं। सिंथेटिक फैब्रिक से दूर रहें,



इससे आपकी त्वचा पर इंफेक्शन का खतरा रहेगा।

### बॉडी फिटिंग से रहें दूर

गर्मी के मौसम में ज्यादा फिटिंग के कपड़े वैसे भी दिक्कत बढ़ा सकते हैं। खासतौर पर यदि इनका रंग ब्लैक होगा, तो ये आपको और परेशान कर देंगे। इसलिए इस मौसम में हमेशा ढीले ब्लैक आउटफिट ही पहनें, ताकि आपकी त्वचा पर किसी तरह की कोई परेशानी न होने पाए।

### लेयरिंग से रहें दूर

इस भीषण गर्मी में तो वैसे भी लेयरिंग से दूर ही रहना चाहिए। पर, जब बात हो रही है ब्लैक आउटफिट की तब तो इस बात को गांठ बांध लें कि इसके साथ लेयरिंग तो भूल के भी न करें। इससे आपकी परेशानी कई गुना बढ़ जाएगी लेयरिंग सिर्फ सर्दी के मौसम में अच्छी रहती है।

### एक्सेसरीज हो हल्की

अपने ब्लैक आउटफिट लुक के साथ हल्की एक्सेसरीज का चयन करें। हैट, सनग्लासेस, हल्की ज्वेलरी या स्लिंग बैग के साथ अपने लुक को कंप्लीट करें। इसके साथ यदि आप ज्यादा हैवी एक्सेसरीज कैरी करेंगे तो इससे भी आप परेशानी में पड़ सकते हैं।

### मेकअप रखें लाइट

गर्मी के मौसम में वैसे भी ज्यादा हैवी मेकअप की जरूरत नहीं पड़ती है। खासतौर पर जब आप ब्लैक रंग का आउटफिट कैरी कर रही हैं, तब तो अपने मेकअप को एकदम ही मिनिमल रखें। थोड़ा सा भी ज्यादा मेकअप आपको गर्मी में परेशान कर देगा।

